पुष्पांजली टुडे

नई सोच, नई पहल



■ ग्वालियर ■ वर्ष : 1 ■ अंक : 137

ग्वालियर, शुक्रवार, 4 फरवरी, 2022

■ पृष्ठ 8 ■ मूल्य : 2 रु.

यूपी देश का पहला राज्य जहां हर ग्राम पंचायत में महिला पुलिस अधिकारी की हुई तैनाती - सीएम

नई दिल्ली। यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने राज्य की पिछली सरकारों पर अपने-अपने शासनकाल में पुलिस को व्यक्तिगत उपयोग की चीज बना लेने का आरोप लगाते हुए गुरुवार को दावा किया कि उनकी सरकार ने पुलिस सुधार की दिशा में ठोस कार्य किए हैं। मुख्यमंत्री ने यहां संवाददाता सम्मेलन में अपनी सरकार के पांच साल के कार्यकाल का लेखा-जोखा पेश करते हुए कहा पिछली सरकारें पुलिस सुधार करने में विफल थीं क्योंकि वे पुलिस को अपना व्यक्तिगत औजार बना कर उसका दुरुपयोग करना चाहती थीं। भाजपा की सरकार ने पुलिस सुधार में कोई कोताही नहीं बरती। हमने चार पुलिस कमिश्नरेट बनाए हैं। हर थाने और पुलिस लाइन में पुलिस कार्मिकों के लिए आवासीय व्यवस्था की गई है। उन्होंने आरोप पहले, सतारूढ़ दल द्वारा पुलिस को अपने व्यक्तिगत स्वार्थों का एजेंडा बना लिए जाने की वजह से पुलिस बल में भर्तियां नहीं हो पाती थीं। मगर भाजपा की सरकार ने पुलिस के लगभग डेढ़ लाख पदों पर पूरी पारदर्शिता के साथ भर्ती की हैं। इसके अलावा 86,000 पुलिसकर्मियों की पदोन्नति लंबित थी जो उन्हें दी गई है। तकनीक का इस्तेमाल कर पुलिस को अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस किया गया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि भाजपा के शासनकाल में पुलिस में महिलाओं को वाजिब हिस्सेदारी दी गई है।

उन्होंने दावा किया उत्तर प्रदेश देश का पहला राज्य है जिसने हर ग्राम पंचायत में महिला बीट पुलिस अधिकारी की तैनाती की है। साथ ही ई-अभियोजन में सर्वाधिक कार्यवाही की गई। उत्तर प्रदेश में 1535 थानों में एंटी रोमियो स्क्वाड और महिला हेल्प डेस्क पहले से ही स्थापित हैं। यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने राज्य की पिछली सरकारों पर अपने-अपने शासनकाल में पुलिस को व्यक्तिगत उपयोग की चीज बना लेने का आरोप लगाते हुए गुरुवार को दावा किया कि उनकी सरकार ने पुलिस सुधार की दिशा में ठोस कार्य किए हैं। मुख्यमंत्री ने यहां संवाददाता सम्मेलन में अपनी सरकार के पांच साल के कार्यकाल का लेखा-जोखा पेश करते हुए कहा पिछली सरकारें पुलिस सुधार करने में विफल थीं क्योंकि वे पुलिस को अपना व्यक्तिगत औजार बना कर उसका दुरुपयोग करना चाहती थीं। भाजपा की सरकार ने पुलिस सुधार में कोई कोताही नहीं बरती। हमने चार पुलिस कमिश्नरेट बनाए हैं। हर थाने और पुलिस लाइन में पुलिस कार्मिकों के लिए आवासीय व्यवस्था की गई है। उन्होंने आरोप पहले, सतारूढ़ दल द्वारा पुलिस को अपने व्यक्तिगत स्वार्थों का एजेंडा बना लिए जाने की वजह से पुलिस बल में भर्तियां नहीं हो पाती थीं। मगर भाजपा की सरकार ने पुलिस के लगभग डेढ़ लाख पदों पर पूरी पारदर्शिता के साथ भर्ती की हैं। इसके अलावा 86,000 पुलिसकर्मियों की पदोन्नति लंबित थी जो उन्हें दी गई है। तकनीक का इस्तेमाल कर पुलिस को अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस किया गया है।

यूपी में सपा की सरकार बनी तो 'बुल और बुलडोजर' नहीं दिखेंगे : अखिलेश यादव

लखनऊ। यूपी विधानसभा चुनाव में सभी पार्टियों का प्रचार चरम पर पहुंच गया है वहीं प्रतिद्वंदी एक दूसरे पर बयानों के तीखे प्रहार भी कर रहे हैं। सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने कहा है कि यूपी में उनकी सरकार बनी तो बुल और बुलडोजर नहीं दिखेंगे। उन्होंने यूपी में सपा की सरकार बनने पर कानून व्यवस्था को और मजबूत करने का वादा किया। अखिलेश यादव ने यह भी कहा कि मुख्यमंत्री जिस सोफे पर बैठते हैं और जिस हेलिकॉप्टर से दौरे करते हैं वह भी सपा सरकार ने खरीदा था। बुलंदशहर में रालोद प्रमुख जयंत चौधरी के साथ चुनाव प्रचार से पहले प्रेस कॉन्फ्रेंस में अखिलेश यादव ने कहा कि पहले चरण में ऐसी हवा चल रही है कि मुख्यमंत्री को समझ नहीं आ रहा है कि क्या कहा जाए। वह हमारे मुख्यमंत्री हैं, कंप्रेसर थोड़ी है, जो हमें ठंडा कर देंगे। फौज में ठंडी चीज रखने के लिए कंप्रेसर होता है। क्या मुख्यमंत्री जी कंप्रेसर हैं। जो लोग गर्मी की बात कर रहे हैं, उन्हें बताना चाहते हैं कि गठबंधन की सरकार बनी तो भर्ती होगी। इस बार हर यूथ अपने बूथ पर बीजेपी को हराएगा।

पंजाब विधानसभा चुनाव नवजोत सिंह सिद्धू को लगेगा झटका

नई दिल्ली। पंजाब में विधानसभा चुनाव से पहले कांग्रेस मौजूदा मुख्यमंत्री चरणजीत सिंह चन्नी को मुख्यमंत्री पद का चेहरा घोषित कर सकती है। सूत्रों का कहना है कि पार्टी के सर्वे में चन्नी सबसे आगे चल रहे हैं। बता दें कि इस सर्वे में कांग्रेस ने प्रत्याशियों, कार्यकर्ताओं, सांसदों और विधायकों से राय जानने की कोशिश की। बता दें कि मुख्यमंत्री पद के चेहरे को लेकर दो ही नामों पर तेजी से चर्चा चल रही थी। सूत्रों का कहना है कि नवजोत सिंह सिद्धू को इस मामले में वरीयता नहीं दी जाएगी। एक सूत्र ने बताया, पार्टी की तरफ से आम जनता को भी फोन किया जा रहा है और लोगों से उनकी राय पूछी जा रही है। यह काम ऑटोमेटेड कॉल सिस्टम के जरिए किया जा रहा है। पार्टी का टारगेट है कि 1.5 करोड़ लोगों को अगले कुछ ही दिनों में फोन किया जाएगा। पार्टी के कोऑर्डिनेटर ब्लॉक प्रेसिडेंट, जिला प्रेसिडेंट और प्रत्याशियों तक भी पहुंच रहे हैं। वे लोगों के विचार जानने का प्रयास कर रहे हैं। राज्यसभा और लोकसभा सांसदों से भी संपर्क किया गया और जानने की कोशिश की गई कि वे किसे मुख्यमंत्री के तौर पर देखना पसंद करेंगे। यह रायशुमारी नवजोत सिंह सिद्धू और चरणजीत सिंह चन्नी के बीच ही कराई जा रही है।

डोर-टू-डोर जनसंपर्क को प्रियंका गांधी ने बनाई ताकत

उत्तर प्रदेश चुनाव ही नहीं, लंबी है कांग्रेस की योजना

नई दिल्ली। प्रियंका गांधी अब 'डोर टू डोर जनसंपर्क' कर रही हैं। वे नोएडा से कांग्रेस प्रत्याशी पंखुड़ी पाठक के पक्ष में लोगों से मिलकर उन्हें वोट देने की अपील कर चुकी हैं। गुरुवार को प्रियंका ने अनूपशहर, सिकंदराबाद और स्याना में कांग्रेस प्रत्याशियों के लिए डोर-टू-डोर जनसंपर्क किया। उन्होंने इसे लोगों को समझने और जनता से सीधा संपर्क स्थापित करने का माध्यम बना लिया है। आने वाले दिनों में वे पूरे उत्तर प्रदेश में इसी तरह से सीधा संपर्क अभियान जारी रखेंगी। यह उत्तर प्रदेश तक ही सीमित नहीं रहेगा, बल्कि उत्तराखंड, पंजाब और अन्य राज्यों तक जाएगा।

महिलाओं से सीधा संवाद: लोगों के साथ डोर-टू-डोर जनसंपर्क कार्यक्रम में वे युवाओं, बच्चों और बुजुर्गों से मिल रही हैं। भारी भीड़ में भी महिलाएं उनसे हाथ मिलाने, उनकी एक झलक पाने को उत्सुक दिखाई पड़ रही हैं। प्रियंका भी महिलाओं को निराश नहीं करतीं और उनके घरों में जाकर उनसे सीधी बातचीत करती हैं। उनके

साथ सेल्फी लेने में जरा भी देर नहीं लगातीं। वे उन्हें बताती हैं कि किस तरह वे महिलाओं को आगे बढ़ने का अवसर दे रही हैं और उन्हें यह अवसर अपने हाथ से नहीं जाने देना चाहिए। महिलाओं के बीच उनकी लोकप्रियता किसी भी राजनीतिक पार्टी के लिए ईर्ष्या का विषय हो सकती है।

राजनीतिक पंडितों का मानना है कि प्रियंका गांधी का यह खुला स्वभाव लोगों के दिलों में गहरी जगह बना रहा है। प्रियंका गांधी की मुस्कान और हंसमुख चेहरा लोगों को अपने साथ जोड़ रहा है। वे तमाम सुरक्षा तामझाम को किनारे रख कर सीधे लोगों के बीच चली जा रही हैं। इससे लोग उनके साथ जुड़ रहे हैं। ध्यान देना चाहिए कि इस समय की राजनीति में शायद ही कोई नेता इतना खुलकर लोगों के साथ जुड़ने की कोशिश कर रहा है। ऐसे में आने वाले समय में यही छोटे-छोटे संबंध कांग्रेस के लिए बड़ी राजनीतिक पूंजी साबित हो सकता है जो उसके पुनरुत्थान की कहानी लिख सकता है।

पूरे देश में लड़ी जाएगी लड़ाई: प्रियंका गांधी के विशेष सलाहकार आचार्य प्रमोद कृष्णम ने अमर उजाला को बताया कि वे एक लंबी लड़ाई के लिए जमीन पर उतरी हैं। यह अभियान केवल 2022 तक के उत्तर प्रदेश चुनाव तक ही सीमित नहीं रहेगा, बल्कि इसके आगे 2024 के लोकसभा चुनाव तक भी जाएगा। इसे केवल यूपी तक ही सीमित नहीं रखा जाएगा, बल्कि देश के सभी राज्यों से प्रियंका गांधी की मांग आ रही है। और वे सभी राज्यों में जाकर लोगों से संपर्क स्थापित करेंगी। उनकी यह लड़ाई सत्ता और व्यवस्था परिवर्तन के लिए है और इसके होने तक यह लड़ाई जारी रहेगी।

कांग्रेस नेता ने कहा कि जनता से जनसंपर्क के दौरान एक बात अच्छी तरह दिखाई पड़ रही है कि जनता के मन में गांधी परिवार के प्रति विशेष आकर्षण है। लोग सीधे प्रियंका गांधी से मिलना चाहते हैं, उनसे बातचीत कर अपनी समस्याएं रखना चाहते हैं और उन्हें अपना समझते हैं।

दिल्ली में बारिश और तेज हवाओं ने कंपकंपाया, कई प्रदेशों में पारा गिरने की आशंका

नई दिल्ली। राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में गुरुवार को तेज हवाओं के साथ तेज बारिश के चलते अधिकतम तापमान में और गिरावट आने से ठंड ने लोगों को कंपकपाया है। भारत मौसम विज्ञान विभाग के अनुसार, बुधवार को अधिकतम तापमान 23.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जबकि न्यूनतम तापमान 11.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। गुरुवार और शुक्रवार को तेज हवाओं के साथ बारिश के कारण दिल्ली में अधिकतम तापमान में और गिरावट आने की संभावना है। भारत मौसम विज्ञान विभाग के अनुसार, बुधवार को अधिकतम तापमान 23.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जबकि न्यूनतम तापमान 11.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। एक ताजा पश्चिमी विक्षोभ के कारण हुई बारिश से हरियाणा और पंजाब में भी बारिश होने की संभावना है। इस विक्षोभ के कारण हिमालयी क्षेत्र में दो दिनों तक बर्फबारी होने का भी अनुमान है। गुरुवार को न्यूनतम तापमान 13 डिग्री सेल्सियस के आसपास रहने की संभावना है जबकि अधिकतम तापमान 19 डिग्री सेल्सियस के आसपास रहने का अनुमान है। दो दिनों में दिल्ली में लगभग 30 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से हवाएं चलने का अनुमान है। शुक्रवार को दिल्ली में हल्की बारिश या बूंदा बांदी के साथ, आंकड़े क्रमशः 11 डिग्री सेल्सियस और 18 डिग्री सेल्सियस तक गिरने की संभावना है। शनिवार से आसमान साफ ??होने की संभावना है और बारिश के बाद पारा भी चढ़ने की संभावना है।

कर्नाटक हिजाब विवादः समान मानदंडों को लेकर कालेज में विरोध, छात्राओं को हिजाब के बिना कक्षाओं में भाग लेने का आदेश

शिवमोग्गा। कर्नाटक में हिजाब विवाद थमने का नाम नहीं ले रहा है। छात्रों के एक वर्ग द्वारा ड्रेस में समानता सुनिश्चित करने की मांग के विरोध के बाद अब कर्नाटक के सरकारी डिग्री कालेज में छात्राओं को गुरुवार से हिजाब पहने बिना कक्षाओं में भाग लेने के लिए कहा गया है। इसके चलते हिजाब पहनकर कैंपस में प्रवेश करने वाली लड़कियों को कक्षाओं में जाने से पहले हिजाब को वेटिंग रूम में हटाने के लिए कहा गया है। शिवमोग्गा जिले के भद्रावती कस्बे के सरकारी डिग्री कालेज के प्राचार्य एमजी उमाशंकर ने कहा कि उन्होंने छात्रों और उनके अभिभावकों से इस मुद्दे पर चर्चा की है। उन्होंने कहा कि यह मुद्दा अब सुलझ गया है और वे क्लास में अब हिजाब नहीं पहनेंगे।

हिजाब के विरोध लिया भगवा शाल

आपको बता दें कि चिक्कमंगलुरु के एक कालेज में हिजाब पहनकर आने वाली लड़कियों के खिलाफ विरोध करते हुए कालेज के छात्र भगवा रंग का शाल पहनकर कालेज पहुंचे थे। इसे लेकर मंगलवार को कई छात्रों ने धरना भी दिया। इसके बाद पुलिस ने कालेज परिसर में प्रवेश किया और स्थिति को नियंत्रित में लिया। विरोध के बीच कालेज के प्राचार्य एमजी उमाशंकर ने छात्रों को आंदोलन वापस लेने के लिए राजी किया था।

हिजाब पहनने पर कक्षा में प्रवेश पर लगाई रोक

साथ ही आपको बता दें कि कर्नाटक में हिजाब पहनने पर विवाद की शुरुआत उडुपी जिले के सरकारी पीयू कालेज में मुस्लिम समुदाय की 6 छात्राओं को हिजाब पहनने पर कक्षाओं में प्रवेश न करने देने से हुआ था। इसके चलते हिजाब पहनने वाली छात्राओं को आनलाइन क्लास का विकल्प अपनाने को कहा गया था। छात्राओं ने कालेज के फैसले को मानने से इनकार कर दिया था और हाईकोर्ट में इसके खिलाफ याचिका भी दायर की है। इसके साथ ही छात्राओं ने इस फैसले के विराध में कक्षाओं का बहिष्कार कर रखा है।

पीएम मोदी ने अजमेर शरीफ में ख्वाजा मोइनुद्दीन चिश्ती की दरगाह पर चढ़ाने चादर भेजी

सूफी संत चिश्ती की 810 वीं पुण्यतिथि पर मनाया जा रहा है उर्स

नई दिल्ली। भारत वर्षों से सूफी और संतों को मानने वाला देश रहा है। इसी कड़ी में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को अल्पसंख्यक मामलों के मंत्री मुख्तार अब्बास नकवी को चादर भेंट की, जिसे ख्वाजा मोइनुद्दीन चिश्ती के 810वें उर्स पर अजमेर शरीफ दरगाह पर चढ़ाया जाएगा। इस बात की जानकारी पीएम मोदी ने ट्वीट के माध्यम से दी। उन्होंने चादर के साथ तस्वीर शेयर करते हुए लिखा, ख्वाजा मोइनुद्दीन चिश्ती के उर्स पर अजमेर शरीफ दरगाह पर चढ़ाए जाने

वाली चादर भेंट की। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को अल्पसंख्यक कार्य मंत्री मुख्तार अब्बास नकवी को एक चादर भेंट की, जो ख्वाजा मोईनुद्दीन चिश्ती के उर्स पर अजमेर शरीफ दरगाह पर चढ़ाई जाएगी। सूफी संत, चिश्ती की पुण्यतिथि पर उर्स मनाया जाता है। मोदी ने ट्वीट किया, चादर भेंट की, जो ख्वाजा मोईनुद्दीन चिश्ती के उर्स पर अजमेर शरीफ दरगाह पर चढ़ाई जाएगी। ख्वाजा मोइनुद्दीन चिश्ती, जिन्हें ख्वाजा गरीब नवाज के नाम से भी जाना जाता है, चिश्ती संप्रदाय के एक प्रिय सूफी संत थे। उन्हें पैगंबर मुहम्मद के प्रत्यक्ष वंशज के रूप में जाना जाता है। सिस्तान (वर्तमान पूर्वी ईरान और दक्षिणी अफगानिस्तान) में जन्मे, उन्होंने सिस्तान से लाहौर तक दिल्ली तक यात्रा की, और अंत में अजमेर, राजस्थान में बस गए। अजमेर में उनका मकबरा, अजमेर शरीफ दरगाह, दुनिया के सबसे पवित्र इस्लामी स्थलों में से एक है।

जल्द मिलेगी बिना सुई लगाए कोरोना की वैक्सीन

नई दिल्ली। दवा कंपनी जाइडस कैडिला ने केंद्र सरकार को अपनी सुई रहित कोविड-19 वैक्सीन की सप्लाई शुरू कर दी है। इसे 12 साल से ज्यादा उम्र के लोगों को दिए जाने की अनुमति पहले ही दी जा चुकी है।जाइकोव-डी नाम की जाइडस कैडिला की यह वैक्सीन एक प्लाज्मिड डीएनए वैक्सीन है। इसे इस तरह की दुनिया की पहली वैक्सीन बताया जा रहा है। इसे जाइडस कैडिला ने भारत सरकार के बायोटेक्नोलॉजी विभाग के साथ मिल कर विकसित किया है।

लखीसराय के बाद औरंगाबाद में नक्सलियों से मुठभेड़

नई दिल्ली। लखीसराय के बाद औरंगाबाद जिले के मदनपुर थाना क्षेत्र में लंगुराही और पचरुखिया के जंगलों में पुलिस नक्सलियों के बीच मुठभेड़ हुई है। मुठभेड़ में कोबरा, सीआरपीएफ और जिला पुलिस की टीमें शामिल है। मुठभेड़ में दोनों तरफ से दर्जनों राउंड गोली चली है। प्राप्त जानकारी के अनुसार पुलिस टीम सर्च ऑपरेशन पर थी। जंगलों में नक्सलियों के द्वारा गोली चलाई गई। इसके बाद पुलिस टीम ने भी

जवाबी कार्रवाई शुरू की। नक्सलियों ने आईईडी विस्फोट भी किया है। हालांकि इसमें सुरक्षा बलों को कोई नुकसान नहीं हुआ है। औरंगाबाद के एएसपी अभियान मुकेश कुमार ने मुठभेड़ की पुष्टि करते हुए बताया कि गुरुवार को पुलिस और कोबरा की टीम जंगलों में सर्च ऑपरेशन चला रही थी। करीब 12 बजे के बाद नक्सलियों ने फायरिंग शुरू कर दी। जवाबी कार्रवाई के बाद नक्सली पीछे हटे हैं। दोनों तरफ से रुक रुक कर गोलीबारी हो रही है। पुलिस बलों को कोई नुकसान नहीं हुआ है। इससे पहले लखीसराय के पीरी बाजार थाना क्षेत्र के घोघी कोड़सी अंतर्गत पड़ने वाले पहाड़ी इलाके में बुधवार की दोपहर पुलिस-नक्सलियों के बीच मुठभेड़ हुई थी। मुठभेड़ में दो नक्सली मारे गए थे।

खास खबर

होम गार्ड का जज्बा- तेज़ लहरों के बीच फंसे कुत्ते को बचाने जेसीबी बुलाने लगाई जान की बाजी

हैदराबाद। तेलंगाना के होमगार्ड की जाँबाजी की चारो ओर प्रशंसा हो रही है। सोशल मीडिया पर एक दिल को छू लेने वाला ऐसा ही वीडियो वायरल हो रहा। दरअसल, बाढ़ में फंसे एक कुत्ते को बचाने के लिए एक होमगार्ड अपनी जान जोखिम में डालता है। तेज लहरों के बीच फंसे कुत्ते को देखकर तेलंगाना के होमगार्ड मुजीब ने तुरंत जेसीबी बुलाई और खुद उसे बचाने के लिए लहरों में उतर गए। उनके इस जज्बे को देख लोग दिल से सलाम कर रहे हैं। सोशल मीडिया यूजर्स काफी तारीफ कर रहे हैं। इस वीडियो को आईपीएस अधिकारी दीपांशु काबरा ने अपने आधिकारिक ट्विटर हैंडल पर अपलोड किया है। उन्होंने इस वीडियो को अपलोड करते हुए कैप्शन में इसे बारे में सारी जानकारी दी। अब लोग होमगार्ड को इंसानियत की सच्ची मिसाल बता रहे हैं। जैसा कि आप वीडियो में देख सकते हैं, होमगार्ड जेसीबी की मदद से कुत्ते को पानी से सुरक्षित बाहर निकाल रहा है।

किरण रिजिजू का राहुल गांधी पर हमला, कहा-खुद को समझते हैं भारत का 'राजा'

नई दिल्ली। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी के आरोप भाजपा सरकार ने दो भारत बना दिए हैं के आरोप को लेकर देश के कानून मंत्री किरण रिजिजू ने गुरुवार को उनपर जमकर हमला बोलते हुए दावा किया कि कांग्रेस नेता पहले 'युवराज' की तरह व्यवहार करते थे और अब वह खुद को भारत का 'राजा' समझते हैं। रिजिजू ने कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष पर उनके (राहुल गांधी के) इस आरोप कि भाजपा सरकार ने दो भारत बना दिए हैं, को लेकर निशाना साधा। केंद्रीय मंत्री ने गांधी के लगातार विदेशी दौरे की भी आलोचना की। कानून मंत्री ने ट्विटर पर कहा, 'दो भारत हैं- पहला, लोग उच्च वर्ग के समाज की जिंदगी जीते हैं, रेव पार्टी में जाते हैं, अकसर विदेशों की यात्रा करते हैं और काफी रंगीन जिंदगी जीते हैं। दूसरा, लोग भारत में सामान्य जीवन जीते हैं, हर वक्त जरूरतमंद लोगों के साथ रहते हैं, भारतीय की तरह सोचते हैं और भारतीय परंपराओं का पालन करते हैं।' राष्ट्रपति के अभिभाषण पर लोकसभा में धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा में हिस्सा लेते हुए राहुल गांधी ने कहा था कि केंद्र सरकार ने दो भारत बना दिए हैं- एक अमीर लोगों के लिए और दूसरा गरीब लोगों के लिए। उन्होंने कहा था कि देश के लिए भाजपा सरकार का दृष्टिकोण 'राजा की तरह है जो शासन के लिए डंडा चलाता है' न कि 'वार्ता एवं समझौते का रास्ता अपनाता है।'

अदालत का आदेश, हनी सिंह अपनी आवाज का नमूना जमा कराएं

मुंबई। महाराष्ट्र की नागपुर जिला अदालत ने अश्लील गाने मामले में मशहूर सिंगर और रैपर हनी सिंह को पुलिस स्टेशन में अपनी आवाज का नमूना जमा करवाने के आदेश दिए हैं। 27 जनवरी को जिला और एडिशनल सत्र न्यायाधीश एसएसएम अली ने हनी सिंह को 4 से 11 फरवरी के बीच नागपुर के पंचपौली पुलिस स्टेशन में पेश होने का निर्देश दिये हैं। बता दें हनी सिंह पर अश्लील गाना गाने और अपलोड करने का आरोप है। अदालत ने हनी सिंह द्वारा दायर एक आवेदन पर सुनवाई करते हुए निर्देश दिया है कि वह पंचपौली पुलिस स्टेशन में 4 फरवरी से 11 फरवरी के बीच अपनी आवाज का सैंपल जमा करें। हनी सिंह ने कोर्ट से 29 जनवरी से 4 फरवरी के बीच दुबई यात्रा की अनुमति मांगी थी। इसके बाद कोर्ट ने हनी सिंह को दुबई जाने की इजाजत दे दी है। अदालत में हनी सिंह के आवेदन पर जांच अधिकारी ने विरोध किया। ऑफिसर का कहना है कि सिंगर को 25 जनवरी को पुलिस स्टेशन में केस के सिलसिले में हाजिर होना था, लेकिन वह पेश नहीं हुए। जांच अधिकारी ने आरोप लगाया कि सिंगर जांच में सहयोग नहीं कर रहे हैं। अगर उन्हें विदेश यात्रा की इजाजत दी जाती है तो वह अदालत में पेश नहीं होने वाले है। बता दें हनी सिंह के खिलाफ ये मामला नागपुर के पंचपोली पुलिस स्टेशन में आनंदपाल सिंह जब्बल द्वारा दर्ज करवाया गया था।

न्यूज ट्रैक....

छह सप्ताह तक खेल से बाहर रहेंगे कश्यप

नई दिल्ली । बैडमिंटन खिलाड़ी पारुपल्ली कश्यप पिंडली की मांसपेशियों में खिंचाव के कारण अगले छह सप्ताह तक खेल से दूर रहेंगे। कश्यप ने कहा है कि अब अपने प्रशिक्षण कार्यक्रम की फिर से समीक्षा करनी होगी। उन्हें पिछले महीने हैदराबाद में अखिल भारतीय सीनियर रैंकिंग टूर्नामेंट के दौरान पिंडली की मांसपेशियों में ग्रेड 1 की चोट लगी थी। कश्यप ने कहा कि मैं हैदराबाद ओपन में खेला था और पहले दौर में ही चोटिल हो गया था। अब मुझे लगता है कि तब मैं मैच के लिए पूरी तरह से फिट नहीं था। उन्होंने कहा कि मुझे नहीं पता कि ऐसा क्यों हुआ, शायद यह उम्र की वजह से पर अब मुझे लगता है कि मुझे अपने प्रशिक्षण का फिर से आकलन करना होगा। चोटिल होने के कारण कश्यप अब सुपर 500 सहित देश में होने वाले तीन टूर्नामेंटों में भाग नहीं ले पायेंगे। इससे निराश इस खिलाड़ी ने कहा है कि उन्हें ग्रेड एक की चोट लगी है इसलिए यह 6 हफ्तों तक खेल से बाहर रहेंगे। ऐसे में मार्च तक ही खेल में वापसी कर पायेंगे।

इंग्लैंड की महिला फुटबॉलरों को अब मिलेंगी अधिक सुविधाएं

लंदन । इंग्लैंड की महिला फुटबॉलरों को अब और अधिक सुविधाएं मिलेंगी। इंग्लैंड के फुटबॉल संघ ने महिला फुटबॉलरों के लिए अपनी मातृत्व अवकाश नीति में बदलाव किये हैं। इसके तहत अब अगले सत्र से उन्हें नियमित वेतन और अतिरिक्त भत्तों के साथ 14 सप्ताह का अवकाश भी मिलेगा। इसके साथ ही चोट और बीमारी की दशा में कवरेज भी अधिक मिलेगा। फुटबॉल संघ ने कहा कि महिला सुपर लीग और महिला चैम्पियनशिप खेलने वाली खिलाड़ियों को ही यह सुविधाएं मिलेंगी। वहीं इससे पहले यह क्लब पर निर्भर करता था कि वह अपनी खिलाड़ियों को कितनी छुट्टी देना चाहता है और उसके साथ ही यह भी जरुरी था कि खिलाड़ी क्लब के साथ कम से कम 26 सप्ताह खेली हों। वहीं नई नीति के तहत ऐसी कोई बाध्यता नहीं है। चेलसी की मैनेजर एम्मा हायेस ने कहा, 'यह सही दिशा में एक और कदम है। यह पूरी दुनिया में लागू होना चाहिए।

मार्च के पहले हफ्ते में आई लीग को बहाल करना सुरक्षित

मुंबई । अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) के लीग सीईओ (मुख्य कार्यकारी अधिकारी) सुनंदो धर ने आश्वस्त किया कि मार्च के पहले हफ्ते में आई लीग को बहाल करना सुरक्षित है। कोलकाता में बायो-बबल में कोरोना के मामले आने के बाद जनवरी में इस निलंबित कर दिया गया था। एआईएफएफ ने कहा कि देश की दूसरे दर्जे की लीग तीन मार्च से बहाल होगी और इसका जैविक रूप से सुरक्षित माहौल 20 फरवरी से काम करना शुरू कर देगा। धर ने कहा, मुझे लगता है कि हमारे लिये लीग बहाल करना बहुत सुरक्षित होगा बात दें कि ओमिक्रोन वैरिएंट के मामले बढ़ने पर लीग को निलंबित कर दिया गया था लेकिन देश में पॉजिटिव मामलों में तब से काफी कमी आई है।

आईपीएल में विफल रहे हैं मॉरिस , जेमिसन और कमिंस जैसे स्टार

मुम्बई । आईपीएल के अगले सत्र के लिए नीलामी अगले माह 12 और 13 फरवरी को बेंगलुरु में होनी है। इस बार आईपीएल में आठ की जगह दस टीमें होने से कई विदेशी खिलाड़ियों को नीलामी में मोटी रकम मिलने की उम्मीद है पर देखने में आया है कि इस टी20 लीग में बड़े विदेशी खिलाड़ी बुरी तरह नाकाम रहे हैं और उन्हें खरीदने वाली टीमों के लिए घाटे का सौदा साबित हुए हैं। पिछले आईपीएल मुकाबलों का इतिहास देखें तो यह साबित भी हुआ है।

ये दिग्गज रहे हैं नाकाम

क्रि मॉरिस : दक्षिण अफ्रीका के पूर्व ऑलराउंडर क्रिस मॉरिस को पिछले सत्र में राजस्थान रॉयल्स ने 16.25 करोड़ रुपए में खरीदा था। वे सबसे महंगे विदेशी खिलाड़ी बने थे पर बतौर गेंदबाज वह लीग में काफी महंगे रहे। वे 11 मैच में सिर्फ 15 विकेट ले सके। इस दौरान उनकी इकोनॉमी 9 से अधिक की रही। 23 रन देकर 4 विकेट उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन रहा। मॉरिस ने 13 की औसत से 67 रन बनाए।

काइल जेमिसन : न्यूजीलैंड के युवा तेज गेंदबाज काइल जेमिसन को पिछले सीजन में आरसीबी (आरसीबी) ने 15 करोड़ रुपए में खरीदा था। उन्हें 9 मैच में खेलने का मौका मिला।वे 30 की औसत से सिर्फ 9 विकेट ले सके। इकोनॉमी 9.60 कर रही। 16 की औसत से 65 रन भी बनाए। आरसीबी की टीम प्लेऑफ में पहुंचने में सफल रही थी पर टीम खिताबी दौरे में जगह नहीं बना सकी थी।

पैट कमिंस : ऑस्ट्रेलिया के तेज गेंदबाज पैट कमिंस को 2020 सीजन में केकेआर (केकेआर) ने 15.5 करोड़ रुपए में खरीदा था पर वह असफल रहे थे। वह 14 मैच में 34 की औसत से सिर्फ 12 विकेट ले सके थे। उन्होंने 21 की औसत से केवल 146 रन बनाए थे।

ग्लेन मैक्सवेल : ऑस्ट्रेलिया के ऑलराउंडर ग्लेन मैक्सवेल को 2020 में पंजाब किंग्स ने 10.75 करोड़ रुपए में खरीदा था पर वे पूरे सत्र में प्रभावित नहीं कर पाये। वह 13 मैच में 15 की औसत से सिर्फ 108 रन बन सके थे। उनका स्ट्राइक रेट 102 का रहा था, जो टी20 के हिसाब से बेहद खराब रहा था। इतना ही नहीं वे एक भी छक्का नहीं जड़ सके थे।

अंडर-19 क्रिकेट विश्व कप : ऑस्ट्रेलिया को हरा फाइनल में पहुंची भारतीय टीम

शनिवार को इंग्लैंड से होगा खिताबी मुकाबला

एंटिगा । कप्तान यश धुल के शानदार शतक से भारतीय जूनियर टीम ने आईसीसी अंडर-19 विश्व कप क्रिकेट में ऑस्ट्रेलिया को 96 रनों से हराकर फाइनल में प्रवेश किया है। भारतीय टीम ने लगातार चौथी बार फाइनल में प्रवेश किया है। भारतीय टीम ने इस मैच में टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए यश के 110 रन और रशीद के अर्धशतक 94 रनों की सहायता से पांच विकेट पर 290 रन बनाए थे। इसके बाद लक्ष्य का पीछा करते हुए ऑस्ट्रेलियाई टीम 41.5 ओवरों में 194 रनों पर ही आउट हो गयी। ऑस्ट्रेलिया की ओर से सबसे ज्यादा 51 रन लाचलन शॉ ने बनाए जबकि कोरी मिलर ने 38 रनों का योगदान दिया। वहीं भारत की ओर से विकी ओस्तवॉल ने सबसे ज्यादा तीन विकेट लिए जबकि रवि कुमार और निशांत सिंधु ने दो-दो विकेट लिए। कप्तान यश को शानदार बल्लेबाजी के लिए प्लेयर ऑफ द सीरीज घोषित किया गया। अब भारतीय क्रिकेट टीम शनिवार को खिताबी मुकाबले में इंग्लैंड का सामना करेगी।

वहीं आस्ट्रेलिया की ओर से जैक निस्बेट और विलियम साल्जमैन ने दो-दो विकेट हासिल किये। यश ने कप्तानी पारी खेली और 110 गेंदों में 10 चौके और एक छक्का लगाते हुए 110 रन बनाये। वह अंडर-19 विश्व कप में शतक लगाने वाले तीसरे भारतीय कप्तान हैं। उनसे पहले विराट कोहली ने 2008 में वेस्टइंडीज के खिलाफ शतक लगाया था, जबकि उन्मुक्त चंद ने 2012 में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ नाबाद 111 रनों की पारी खेली थी।

चीन को हराकर एफआईएच प्रो लीग में शीर्ष पर पहुंची भारतीय टीम

मस्कट । भारतीय महिला हॉकी टीम ने अपने दूसरे मुकाबले में भी चीन को 2-1 से हराकर एफआईएच प्रो लीग में शीर्ष स्थान हासिल किया है। इससे पहले भारतीय टीम ने अपने पदार्पण मुकाबले में चीन को 7-1 से हराया था। भारतीय टीम के सामने चीन की टीम इस मैच में भी टिक नहीं पायी। पहले हाफ में अधिकतर समय गेंद भारतीय टीम के पास थी। वहीं चीन की रक्षापंक्ति का प्रदर्शन भी अच्छा नहीं था। भारत ने मैच की शुरुआत से ही आक्रामक रुख अपनाया। इसका फायदा टीम को तीसरे मिनट में ही मिला जब टीम को पेनल्टी कॉर्नर मिला। गुरजीत कौर ने इसे गोल में बदलकर भारत को की ओर से पहला गोल किया। बढ़त दिलाई। भारतीय टीम ने इसके बाद गोल के कई प्रयास किये पर उसके निशाने गोलपोस्ट पर नहीं पहुंच पाये। दूसरे हाफ में चीन ने आक्रमण किया। वैंग शुमिन ने एक गोल कर स्कोर 1-1 से बराबर कर दिया। भारत को इसके बाद कई पेनल्टी कॉर्नर मिले पर टीम उन्हें गोल में नहीं बदल पायी। अंतिम क्वार्टर में भारतीय टीम ने अपने हमले ओर तेज कर दिये। इस दौरान भारतीय टीम को भारत को एक पेनल्टी कॉर्नर मिला पर दीप ग्रेस एक्का इसे गोल में नहीं बदल पायी।

वेब सीरीज लव गुरु में बोल्ड अंदाज में दिखेंगी सोनालिका प्रसाद

फिल्म इंडस्ट्री में गोल्डन गर्ल के रूप में चर्चित सोनालिका प्रसाद इन दिनों बेहद व्यस्त हैं। बेहद कम अरसे में चर्चित होने वाली अभिनेत्री सोनालिका इन दिनों अपनी फिल्मों की शूटिंग में व्यस्त हैं। सोनालिका की जल्द ही एक वेब सिरीज रिलीज होने वाली जिसमें वे बोल्ड अंदाज में दिखने वाली है। सोनालिका की पहली वेब सीरीज लव गुरु जल्द ही रिलीज होने वाली है। यह शानदार वेब सिरीज बाओ पर जल्द आने वाली है। जिसका प्रोमो आउट हो गया है। लव गुरु नामक इस वेब सिरीज में सोनालिका अलग बोल्ड अंदाज में दर्शकों को नजर आएंगी। सोनालिका इन दिनों फिल्मों के अलावे कई वेब सिरीज में काम कर रही हैं और कई रिलीज होने वाली हैं। लव गुरु उनकी पहली वेब सिरीज है, जिसे लेकर वह बेहद उत्साहित है। उन्होंने कहा कि इस वेब में उनका किरदार काफी बोल्ड है, जो कि प्रशंसकों के लिए सरप्राइज पैकेज होगा। सोनालिका के प्रशंसकों के लिए यह वेब सिरीज लव गुरु बेहद खास होगी, जिसमें उनका लुक और उनका कैरेक्टर बड़ा दिलचस्प है। समृद्ध कला की उर्वर माटी पटना में 15 अक्टूबर को जन्मी सोनालिका में सिनेमा के प्रति दीवानगी उस वक्त आयी, जब वे 10वीं क्लास में पढ़ती थीं। नतीजा उन्होंने लोकल न्यूज़ चैनल में बतौर एंकर काम करना भी शुरू कर दिया। उन चैनल्स पर भी एंकरिंग में उन्हें मनोरंजन संबंधित खबरों को लेकर आती थीं। इस दौरान उन्होंने अपनी पढ़ायी नहीं छोड़ी और काम के साथ ह्र साथ ग्रेज्यूट भी हो गयीं। प्रतिभा से वे लबरेज थी हीं, सो उन्हें मौका मिल गया ईटीवी नेटवर्क से जुड़ने का और वे यहां भी मनोरंजन वाली खबरों को बतौर एंकर लेकर दर्शकों के सामने आईं। सोनालिका का कहना है कि उनके

'देव डीडी' सीजन 2 में रश्मि अगडेकर लेस्बियन की भूमिका में

अभिनेत्री रश्मि अगडेकर लोकप्रिय वेब सीरीज 'देव डीडी' के दूसरे सीजन में निर्माता एकता कपूर की नए युग की शरतचंद्र चट्टोपाध्याय के उपन्यास 'देवदास' की रिटेलिंग में चांदनी की भूमिका के लिए तैयार हैं।

रश्मि 'देव डीडी' में सारा चंद्रा की मूल रचना 'चुन्नीलाल' की किरदार चांदनी की भूमिका में हैं। यह वेब सीरीज पहली बार 2017 में रिलीज हुई थी। उनका किरदार लेस्बियन (समलैंगिक) है। उन्होंने कहा, 2017 में जब भारत में वेब सीरीज शुरू हो रही थी, तो हमने स्क्रीन पर एलजीबीटीक्यूए पात्रों के कैरिक्युरिश और स्टीरियोटाइपिकल चित्रण को ज्यादातर देखा था। लेकिन चांदनी को इस तरह नहीं लिखा गया था। वह जयपुर के एक कस्बे की लड़की है। लेकिन वह लड़कियों को पसंद करती है। यह वह पहलू था, जिसने मुझे इस भूमिका के लिए आकर्षित किया, क्योंकि इससे स्क्रीन पर समलैंगिक पात्रों का स्वाभाविक प्रतिनिधित्व होता है, क्योंकि वास्तविक जीवन में ऐसा होता है।

दृश्यम फिल्म का बनने वाला है सीक्वल

पिछले साल कोरोना वायरस महामारी झेलने के बाद अब बॉलीवुड फिर से अपनी रफ्तार पकड़ना शुरू कर दिया है। हाल ही में बॉलीवुड की कई फिल्मों की रिलीज डेट का खुलासा किया गया है जो पिछले साल कोरोना वायरस की वजह से नहीं रिलीज हो पाई थी। बता दें कि मार्च के महीने से ही लगातार एक के बाद एक कई धमाकेदार फिल्में बॉक्स ऑफिस पर आग लगाने वाली हैं। अब इसी बीच बॉलीवुड फिल्म इंडस्ट्री में एक और धमाकेदार फिल्म के निर्माण को लेकर खबरें सामने आ रही है। कुछ समय पहले साउथ के मशहूर अभिनेता मोहनलाल की दृश्यम 2 रिलीज की गई थी। जिसको दर्शकों की तरफ से काफी अच्छी प्रतिक्रिया मिली है। फिल्म ओटीटी प्लेटफार्म अमेजन प्राइम वीडियो पर रिलीज की गई थी। फिल्म दृश्यम 2 की सफलता को देखते हुए अब बॉलीवुड इंडस्ट्री फिल्म का हिंदी रीमेक बनाने वाली है। दृश्यम के दूसरे पार्ट पर काम शुरू होने जा रहा है। यहां पर सबसे खास बात यह है कि दृश्यम 2 फिल्म में अजय देवगन और तब्बू को ही अहम रोल में नजर आने वाले है। सूत्रों के हवाले से आई खबरों में कहा जा रहा है कि, फिल्म दृश्यम 2 में अजय देवगन और तब्बू रोल निभाते हुए नजर आएंगे।

जल्द ही आने वाला है सुष्मिता सेन की वेब सीरीज आर्या का दूसरा सीजन, अभिनेत्री ने किया ऐलान

पिछले साल वेब सीरीज आर्या से धमाकेदार वापसी करने वाली अभिनेत्री सुष्मिता सेन के चाहने वालों के लिए एक बड़ी खबर सामने आई है। बता दें कि सुष्मिता सेन एक बार फिर से एक प्रोजेक्ट के लिए काम कर रही हैं। उनका ये प्रोजेक्ट कोई और नहीं बल्कि पिछले साल रिलीज उनकी वेब सीरीज आर्या है। जिसका दूसरा सीजन जल्द ही मेकर्स लेकर के आने वाले हैं। इस बात का ऐलान खुद अभिनेत्री सुष्मिता सेन ने कर दिया है। आर्या वेब सीरीज में अभिनेत्री का दमदार अवतार देखने को मिला था। उनकी इस वेब सीरीज ने दर्शकों की तरफ से काफी प्यार मिला था। यही कारण है कि आर्या वेब सीरीज के पहले सीजन को मिली अपार सफलता के बाद सुष्मिता सेन की वेब सीरीज आर्या के दूसरे सीजन का ऐलान कर दिया गया है। सीरीज का ऐलान खुद अभिनेत्री ने किया है। जिसमें सुष्मिता सेन ने बताया कि, वो जल्दी आर्या का दूसरा सीजन लेकर आएंगी। इसकी कहानी वहीं से आगे बढ़ेगी जहां पर पहले सीजन की कहानी खत्म हुई थी। उसने शीशे में देख लिया है कि, तूफान आ रहा है जल्द ही आर्या का दूसरा सीजन आपकी चाहत पर आप की डिमांड होनी चाहिए। पिछले साल सुष्मिता सेन ने लंबे समय बाद वापसी की थी। तो उनकी वेब सीरीज आर्या रिलीज हुई थी। इसमें उनके अभिनय की लोगों ने तारीफ की थी। उनका किरदार काफी पावरफुल था। पहले सुष्मिता सेन ने कभी ऐसा किरदार नहीं निभाया था। सुष्मिता सेन एक ऐसे परिवार की लड़की का किरदार निभाया था जो जमीन तक दो नंबर के धंधे में धंसा हुआ था। सुष्मिता अपने परिवार के साथ दलदल से बाहर निकाला चाहती थी लेकिन तभी उनके पति की मौत हो जाती है। अब इसके बाद की कहानी को आर्या में दिखाया जाएगा।

टाइगर 3 की मुहूर्त पूजा करने के बाद फिल्म पठान की शूटिंग पर निकले सलमान खान

छोटे परदे के मशहूर विवादित रिएलिटी शो के खत्म होने के बाद बॉलीवुड के अभिनेता सलमान खान अपनी अगली फिल्मों की शूटिंग में व्यस्त हो गए है। सलमान खान आने वाले दिनों में एक नहीं कई फिल्मों में नजर आने वाले है। जिसकी वजह से उन्होंने अपनी फिल्मों की शूटिंग शुरू कर दी है। जिसमे उनकी फिल्म टाइगर 3 है। इस फिल्म की शूटिंग शुरू होने से पहले सलमान खान ने सेट पर पूजा का आयोजन किया था। टाइगर 3 के मुहूर्त में सलमान खान अपनी टीम के साथ पूजा करते हुए नजर आए थे।

खबरों के अनुसार ऐसा कहा जा रहा है कि टाइगर 3 के मुहूर्त पूजा में अभिनेता सलमान



खान कैटरीना कैफ और इमरान हाशमी के साथ नजर आए थे। आपकी जानकारी के लिए बता दें कि इस मुहूर्त पूजा का आयोजन यशराज स्टूडियो में रखा गया था। जहां पर कलाकारों ने पूजा की। खबरों के अनुसार ऐसा कहा जा रहा था कि फिल्म टाइगर 3 में इमरान हाशमी नकारात्मक रोल में नजर आने वाले है। लेकिन बता दें कि अब तक मेकर्स की तरफ से ऐसी कोई आधिकारिक घोषणा नहीं की गई है। सलमान खान फिल्म टाइगर 3 के सेट पर पूजा करने के बाद फिल्म पठान की शूटिंग करने के लिए पहुंच चुके है। अभिनेता पठान की शूटिंग पूरी करने के बाद वो टाइगर 3 की शूटिंग शुरू करने वाले है।

सूरज पंचोली के साथ नजर आयेंगी कैटरीना की बहन इसाबेल कैफ़

बॉलीवुड की बार्बी गर्ल कैटरीना कैफ की छोटी बहन इसाबेल कैफ अभिनेता सूरज पंचोली के साथ फिल्म टाइम टू डांस में नजर आयेंगी। इसाबेल कैफ़ और सूरज पंचोली की यह फ़िल्म ओटीटी प्लेटफॉर्म पर रिलीज़ होने जा रही है। सूरज ने सोशल मीडिया पर फ़िल्म का फ़र्स्ट लुक पोस्टर और रिलीज़ डेट इंस्टाग्राम एकाउंट से रिवील करते हुए दो पोस्टर साझा किया है। एक में इसाबेल नृत्य मुद्रा में हैं, जबकि दूसरे में सूरज ख़ुद उसी मुद्रा में हैं। दोनों पोस्टरों को मिलाने से इसाबेल और सूरज एक साथ डांस करते दिखायी देते हैं। इन पोस्टरों के साथ सूरज पंचोली ने बताया कि टाइम टू डांस 12 मार्च को आ रही है। फ़िल्म के पोस्टर पर इसाबेल को इंट्रोड्यूसिंग लिखा गया है। इसाबेल कैफ़ की भारत में यह पहली रिलीज़ फ़िल्म होगी। टाइम टू डांस का निर्देशन स्टेनली डिकोस्टा ने किया है, जिनका ख़ुद डायरेक्टोरियल डेब्यू है। इसाबेल कैफ इसके अलावा फिल्म सुस्वागतम खुशामदीद में भी काम कर रही हैं। इस फ़िल्म में इसाबेल पुलकित सम्राट के साथ रोमांस करते हुए दिखेंगी। इसाबेल इससे पहले एक म्यूज़िक वीडियो माशाअल्लाह में भी नज़र आ चुकी हैं।

26 मार्च को रिलीज होगी साइना नेहवाल की बायोपिक

बॉलीवुड एक्ट्रेस परिणीति चोपड़ा बैडमिंटन प्लेयर साइना नेहवाल की लाइफ पर बन रही फिल्म में काम कर रही है। अब इस फिल्म की रिलीज डेट का खुलासा हो गया है। खबर आ रही है कि परिणीति चोपड़ा अभिनीत साइना नेहवाल की बायोपिक इस साल 26 मार्च को रिलीज हो सकती है। अभी फिल्म के रिलीज की ऑफिसियल घोषणा नहीं हुई है। रिपोर्ट मानें तो फिल्म को 100 परसेंट ऑक्युपेंसी के साथ सिनेमाघरों में रिलीज किया जाएगा। जैसा की सभी को पता है अब सिनेमाहॉल एक बार फिर से 100 प्रतिशत ऑडियंस के साथ खुलने वाले हैं। ऐसे में मेकर्स के लिए साइना की बायोपिक को रिलीज करने का ये सही समय है। यह फिल्म खेल की दुनिया के एक आइकन से जुड़ी कहानी है। ऐसे में फैंस भी फिल्म को थिएटर में ही देखना चाहते हैं। फिल्म की रिलीज को लेकर 26 मार्च और 9 अप्रैल पर संशय था, मगर इसे 26 मार्च को रिलीज करने की घोषणा कर दी गई है। साइना नेहवाल की इस बायोपिक का निर्देशन अमोल गुप्ते कर रहे हैं। साइना नेहवाल की बायोपिक में पहले श्रद्धा कपूर काम करने वाली थी, लेकिन उन्होंने व्यस्तता का हवाला देते हुए इस फिल्म को छोड़ दिया था जिसके बाद यह फिल्म परिणीति के खाते में चली गई। फिल्म साइन करने के बाद से ही परिणीति फिल्म की तैयारियों में लग गई थी। परिणीति साइना नेहवाल की बायोपिक के बाद अर्जुन कपूर के साथ फिल्म संदीप और पिंकी फरार में नजर आएगी जो रिलीज के लिए तैयार है।

जानिए कौन-सी बीमारियों में कौन-कौन सा जूस साबित होता है फायदेमंद

रोगग्रसित होने पर हम दवाईयों के कड़वे घूँट में राहत ढूंढते हैं पर प्रकृति ने हमे मीठे और स्वादिष्ट विकल्पों से नवाज़ा हैं। फल और सब्जियां कुदरती दवाएं हैं जिनमें रोग कीटाणु विरोधी तत्व होते हैं। इनमे आपके रक्त को शुद्ध करने वाले गुण तथा सूक्ष्म तन्तुओं के विकास हेतु पोषक तत्व पाए जाते हैं जो किसी भी रोग के निवारण में सहायक होते हैं। आइये जाने आपके स्वास्थ्य की स्थिति के अनुसार कौनसे फल और सब्जियों का रस उपयुक्त रहेगा......

1. खांसी: सर्दी के मौसम में खांसी होना बेहद आम बात है। इसलिए आपको सुबह-सुबह एक गिलास गर्म पानी में शहद और नींबू का रस निचोड़कर पीना चाहिए। इसके अलावा आप एक गिलास गाजर के जूस में तुलसी और लहसुन का थोड़ा सा रस डालकर भी पी सकते है।

2. माइग्रेन: माइग्रेन में आप एक गिलास पानी में नींबू और अदरक का रस मिलाकर पी सकते हैं। आपको काफी राहत मिलेगी।

3. फैक्चर: अगर किसी का फैक्चर हुआ है तो उसे पालक, मेथी, चौराई और अजवाइन के रस को मिलाकर पीना चाहिए। इसके अलावा इस दौरान अमरुद और पपीते का जूस पीना भी फायदेमंद रहता है।

4. एसिडिटी: एसिडिटी की समस्या होने पर आप गोभी और गाजर का जूस या फिर मोसम्मी और तरबूज का रस पी सकते हैं।

5. नींद न आना: अगर आपको नींद न आने की शिकायत है तो पालक, सेब और अमरुद का जूस पीना चाहिए।

6. भूख न लगना: भूख न लगने पर सुबह खाली पेट नींबू का पानी पीना फायदेमंद होता है। इसके साथ ही खाने से पहले अदरक का पेस्ट बनाकर उसमें सेंधा नमक मिलाकर सेवन करना चाहिए।

7. दमा की समस्या: दमे के रोगी को लहसुन, अदरक, तुलसी, चुकंदर, गोभी और गाजर का जूस पीना चाहिए।

जानिए क्या है पेट्रोलियम जेल के 8 अनोखे फायदे..!!

सर्दियों में इस्तेमाल होने वाली पैट्रोलियम जेल चेहरे की ड्राईनेस दूर करती है। लेकिन रूखेपन के अलावा इससे कई और समस्याओं भी दूर हो सकती है। पैट्रोलियम जेल मेकअप साफ करने से लेकर फटी एड़ियों की समस्या को दूर करती है। आज हम आपको बताएंगे कि पैट्रोलियम जेल का इस्तेमाल आप किन परेशानियों को दूर करने के लिए कर सकते है।

1. पैट्रोलियम जेल का इस्तेमाल चेहरे पर मॉइश्चराइजर की तरह करने से आपकी झुर्रियों की समस्या दूर हो जाएगी।
2. इसे होंठो पर लिप बाम की तरह लगाए। पैट्रोलियम जेल होंठो को हाइड्रेट करके नर्म बनाने में मदद करती है।
3. घर से बाहर निकलने पर मेकअप की बजाए पैट्रोलियम जेल का इस्तेमाल करें। इससे आपके चेहरे पर इंसचेंग और नेचुरल ग्लो आएगा।
4. सर्दियों के कारण एड़िया ड्राई होकर फटने लगते है। ऐसे में पैरों पर पैट्रोलियम जेल से मसाज करें।
5. मेकअप साफ करने के लिए रिमूवर की बजाए पैट्रोलियम जैली का इस्तेमाल करें। इससे आपके चेहरे पर रलों भी आएगा और मेकअप भी साफ हो जाएगा।

राहुल गांधी की महापंडिताई

डॉ. वेदप्रताप वैदिक

कांग्रेस के नेता राहुल गांधी को महापंडित के अलावा क्या कहा जाए? संसद में उन्होंने चीन और पाकिस्तान को लेकर जो बयान दिया है, यदि आप उसे ध्यान से पढ़ें तो आप खुद से पूछ बैठेंगे कि भारत की महान पार्टी इस कांग्रेस का नेतृत्व किन हाथों में चला गया है? यदि देश के प्रमुख विपक्षी दल का नेता इतना तथ्यहीन और तर्कहीन बयान दे सकता है और बौद्धिक तौर पर वह इतना अपरिपक्व है तो हमारे लोकतंत्र का ईश्वर ही मालिक है। राहुल गांधी की पहली मुलाकात मुझसे 2005 में काबुल में हुई थी। प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहनसिंह मुझे काबुल अपने साथ ले गए थे। बादशाह जाहिरशाह की नातिन और शाहजादी मरियम की बेटी ने मेरे लिए राजमहल में शाकाहारी प्रीति-भोज का आयोजन किया था। वह राहुल को भी उसमें बुला लाई। लगभग दो घंटे तक हम साथ रहे। राज परिवार के सदस्यों से मैं फारसी में और राहुल से हिंदी में बात करता रहा। राहुल की बातचीत और अत्यंत शिष्टतापूर्ण व्यवहार ने मुझे इतना प्रभावित किया कि मैं सोचता रहा कि यह नौजवान भारत की राजनीति में सक्रिय हो गया तो यह काफी आगे तक जा सकता है। शुरु के कुछ वर्षों में ऐसा लगने भी लगा था लेकिन अब पिछले कुछ वर्षों से मुझे ही नहीं, देश के कई वरिष्ठ कांग्रेसी नेताओं को भी यह लगने लगा है कि कांग्रेस का भविष्य अनिश्चित-सा हो गया है। इसका अर्थ यह नहीं है कि अन्य पार्टियों के नेता राहुल के मुकाबले महान बौद्धिक हैं। उनके और राहुल के बौद्धिक स्तर में ज्यादा अंतर नहीं है। वे भी अपने तथ्यों और तर्कों में हास्यास्पद भूलें करते रहे हैं लेकिन ऐसी भूलें वे अचानक या जल्दबाजी में करते हैं, संसद में भाषण देते हुए नहीं। राहुल ने कह दिया कि मोदी सरकार का ''सबसे बड़ा अपराध'' यह है कि उसने चीन और पाकिस्तान को एक-दूसरे का हमजोली बना दिया है। यह तो तथ्य है कि दो-ढाई साल पहले तक मोदी और चीनी नेता शी चिन फिंग ने जितनी गलबहियां एक-दूसरे के साथ कीं, आज तक दोनों देशों के किन्हीं भी नेताओं के बीच नहीं हुई। लेकिन यह तो मोदी का स्वभाव ही है। फिर भी चीन और पाकिस्तान यदि एक-दूसरे के नजदीक हुए हैं तो वे इंदिरा गांधी, राजीव गांधी और मनमोहनसिंह के शासनकाल में ही हुए हैं। 1962 के भारत-चीन युद्ध के बाद चीन जानेवाला पहला प्रधानमंत्री कौन था? क्या राहुल को पता है? उनके पूज्य पिता राजीव गांधी। जिन सलाहकारों के लिखे हुए भाषण बिना सोचे-समझे हमारे युवा-नेता लोग पढ़ मारते हैं, उन्हें अन्य बुजुर्ग नेताओं के आचरण से कुछ सीखना चाहिए। वे भी कोई परम बौद्धिक नहीं होते लेकिन वे हमेशा सतर्क और सावधान होते हैं। राजीव गांधी के असंगत तर्कों को काटने के लिए विदेश मंत्री जयशंकर के तर्कों को मैं यहां दोहराना नहीं चाहता हूं लेकिन राहुल गांधी का यह कथन भी अतिरंजित और हास्यास्पद ही है कि भारत में लोकतंत्र की बजाय राजतंत्र स्थापित हो रहा है। यहां एक राजा का राज चल रहा है। यह ठीक है कि सत्तारुढ़ भाजपा में अपेक्षित आंतरिक लोकतंत्र घट गया है लेकिन कांग्रेस में तो यह शून्य ही है। भारत की लगभग सभी पार्टियां प्राइवेट लिमिटेड कंपनियां बन चुकी हैं। इस खटकर्म की शुरुआत और पराकाष्ठा कांग्रेस ने ही आपात्काल लाकर की थी। बेहतर तो यह हो कि राहुल इस महान कांग्रेस पार्टी को माँ-बेटा पार्टी और भाई-बहन पार्टी होने से बचाएं। वरना न केवल भारत का लोकतंत्र अधोगति को प्राप्त होगा बल्कि राहुल गांधी को भारतीय राजनीति के महापंडित की उपाधि से भी सम्मानित कर दिया जाएगा।

चुनौती बनती जा रही बढ़ती आर्थिक असमानता

योगेश कुमार गोयल

पिछले दिनों वीडियो कांफ्रैंस के जरिये आयोजित विश्व आर्थिक मंच के दावोस एजेंडा शिखर सम्मेलन के दौरान पेश गैर सरकारी संगठन 'ऑक्सफैम' की रिपोर्ट 'इनइक्वलिटी किल्स' के अनुसार कोरोना महामारी के दौर में अमीर जहां और अमीर होते जा रहे हैं, वहीं गरीब और गरीब हो रहे हैं। रिपोर्ट के अनुसार महामारी के दौरान भारत के अरबपतियों की कुल सम्पत्ति बढ़कर दोगुने से अधिक हो गई और इस दौरान भारत में अरबपतियों की संख्या भी 39 फीसदी बढ़कर 142 हो गई है। देश के दस सर्वाधिक अमीर लोगों के पास इतनी सम्पत्ति है, जिससे पूरे ढ़ाई दशकों तक देश के हर बच्चे को स्कूली शिक्षा और उच्च शिक्षा दी जा सकती है। आर्थिक असमानता पर आई इस रिपोर्ट के मुताबिक 142 भारतीय अरबपतियों के पास कुल 719 अरब अमेरिकी डॉलर यानी 53 लाख करोड़ रुपये से अधिक की सम्पत्ति है और देश के सबसे अमीर 98 लोगों की कुल सम्पत्ति भारत के 55.5 करोड़ सबसे गरीब लोगों की कुल सम्पत्ति के बराबर है। ऑक्सफैम की रिपोर्ट में यह भी बताया गया है कि महामारी के दौरान सबसे धनी 10 फीसदी लोगों ने राष्ट्रीय सम्पत्ति का 45 फीसदी हिस्सा हासिल किया जबकि निचले स्तर की 50 फीसदी आबादी के हिस्से मात्र छह फीसदी राशि ही आई। रिपोर्ट में सरकार से राजस्व सृजन के प्राथमिक स्रोतों पर पुनर्विचार करने तथा कर प्रणाली के अधिक प्रगतिशील तरीकों को अपनाने का आग्रह करते हुए सुझाव दिया गया है कि इन अरबपतियों पर वार्षिक सम्पत्ति कर लगाने से प्रतिवर्ष 78.3 अरब अमेरिकी डॉलर मिलेंगे, जिससे सरकारी स्वास्थ्य बजट में 271 फीसदी बढ़ोतरी हो सकती है।

कोरोना महामारी के इस दौर में एक ओर जहां करोड़ों लोगों के काम-धंधे चौपट हो गए, लाखों लोगों की नौकरियां छूट गई, अनेक लोगों के कारोबार घाटे में चले गए, वहीं कुछ ऐसे व्यवसायी हैं, जिन्हें इस महामारी ने पहले से कई गुना ज्यादा मालामाल कर दिया है। आंकड़े देखें तो भारत में मार्च 2020 से नवम्बर 2021 के बीच देश के 84 फीसदी परिवारों की कमाई में कमी आई और 4.6 करोड़ लोग तो अत्यंत गरीबी में चले गए। इस बीच जितने लोग पूरी दुनिया में गरीबी के दलदल में फंसे, भारत में यह संख्या उसकी आधी है। एक ओर जहां गरीबों की संख्या बड़ी तेजी से बढ़ी है, वहीं भारत में अब इतने अरबपति हो गए हैं, जितने फ्रांस, स्वीडन तथा स्विट्जरलैंड को मिलाकर भी नहीं हैं। अति धनाढ़्य वर्ग तथा अत्यंत गरीबी में फंसे लोगों के बीच की चौड़ी होती खाई अन्य कमजोर वर्गों को भी प्रभावित कर रही है। आर्थिक विषमता चिंताजनक स्थिति तक बढ़ गई है और विश्व बैंक पहले ही चेतावनी दे चुका है कि दस करोड़ से ज्यादा लोग चरम गरीबी में धकेले जा सकते हैं। ऑक्सफैम की रिपोर्ट में पिछले साल भी स्पष्ट शब्दों में कहा गया था कि यदि कोरोना के कुबेरों से वसूली होती तो भुखमरी नहीं फैलती।

विश्व के कई अन्य देशों के साथ भारत में भी बढ़ती आर्थिक असमानता काफी चिंताजनक है क्योंकि बढ़ती विषमता का दुष्प्रभाव देश के विकास और समाज पर दिखाई देता है और इससे कई तरह की सामाजिक और राजनीतिक विसंगतियां भी पैदा होती हैं। करीब दो साल पहले भी यह तथ्य सामने आया था कि भारत के केवल एक फीसदी सर्वाधिक अमीर लोगों के पास ही

देश की कम आय वाली सत्तर फीसदी आबादी की तुलना में चार गुना से ज्यादा और देश के अरबपतियों के पास देश के कुल बजट से भी ज्यादा सम्पत्ति है। आज विश्व आर्थिक पत्रिका 'फोर्ब्स' की अरबपतियों की सूची में सौ से भी ज्यादा भारतीय हैं जबकि तीन दशक पहले तक इस सूची में एक भी भारतीय नाम नहीं होता था। हालांकि देश में अरबपतियों की संख्या बढ़ना प्रत्येक भारतीय के लिए गर्व की बात होनी चाहिए लेकिन गर्व भी तो तभी हो सकता है, जब इसी अनुपात में गरीबों की आर्थिक सेहत में भी सुधार हो।

बहरहाल, ऑक्सफैम की रिपोर्ट में मांग की गई है कि धनी लोगों पर उच्च सम्पत्ति कर लगाते हुए श्रमिकों के लिए मजबूत संरक्षण का प्रबंध किया जाए। दरअसल बड़े औद्योगिक घरानों पर टैक्स लगाकर सार्वजनिक सेवाओं के लिए आवश्यक संसाधन जुटाए जा सकते हैं। कुछ विशेषज्ञों का मत है कि देश के शीर्ष धनकुबेरों पर महज डेढ़ फीसदी सम्पत्ति कर लगाकर ही देश के कई करोड़ लोगों की गरीबी दूर की जा सकती है लेकिन किसी भी सरकार के लिए यह कार्य इतना सहज नहीं है। दरअसल यह जगजाहिर है कि बहुत से राजनीतिक फैसलों पर भी अब इन धन कुबेरों का ही नियंत्रण होता है। तत्कालीन अमेरिकी राष्ट्रपति बराक ओबामा ने अपने कार्यकाल के कारण वहां के समाज में बढ़ती आर्थिक असमानता पर गहरी चिंता व्यक्त की थी। इसके अलावा बौद्ध धर्मगुरू दलाईलामा तथा ईसाई धर्मगुरू पोप फ्रांसिस सहित कुछ अन्य प्रमुख हस्तियां भी बढ़ती आर्थिक असमानता पर निशाना साधते हुए कह चुकी हैं कि अत्यधिक धन पिपासा समाज में एक नई प्रकार की निरंकुशता को जन्म देती है। बहरहाल, संयुक्त राष्ट्र जैसी कुछ वैश्विक संस्थाओं के अलावा कुछ देशों की सरकारें हालांकि गरीबी उन्मूलन, बेरोजगारी और आर्थिक असमानता को दूर करने के लिए वर्षों से प्रयासरत हैं लेकिन बेहतर परिणाम सामने आते नहीं दिख रहे।

1980 के दशक की शुरूआत में एक फीसदी धनाढ़यों का देश की कुल आय के छह फीसदी हिस्से पर कब्जा था लेकिन बीते वर्षों में यह लगातार बढ़ता गया है और तेजी से बढ़ी आर्थिक असमानता के कारण स्थिति बिगड़ती गई है। आर्थिक विषमता आर्थिक विकास दर की राह में बहुत बड़ी बाधा बनती है। दरअसल जब आम आदमी की जेब में पैसा होगा, उसकी क्रय शक्ति बढ़ेगी, देश की आर्थिक विकास दर भी तभी बढ़ेगी। अगर ग्रामीण आबादी के अलावा निम्न वर्ग की आय नहीं बढ़ती तो मांग में तो कमी आएगी ही और इससे विकास दर भी प्रभावित होगी। हालांकि बढ़ती आर्थिक असमानता को कम करना सरकार के लिए बहुत बड़ी आर्थिक-सामाजिक चुनौती है लेकिन अगर सरकारों में दृढ़ इच्छाशक्ति हो तो इस असमानता को कम किया जा सकता है।

जहाँ शांति है वही सुख

यदि हमारे पास दुनिया का पूरा वैभव और सुख-साधन उपलब्ध है परंतु शांति नहीं है तो हम भी आम आदमी की तरह ही हैं। संसार में मनुष्यों द्वारा जितने भी कार्य अथवा उद्यम किए जा रहे हैं सबका एक ही उद्देश्य है %शांति%। सबसे पहले तो हमें ये जान लेना चाहिए कि शांति क्या है? शांति का केवल अर्थ यह नहीं कि केवल मुख से चुप रहें अपितु मन का चुप रहना ही सच्ची सुख-शांति का आधार है। कहते हैं कि जहाँ शांति है वहाँ सुख है। अर्थात सुख का शांति से गहरा नाता है। लड़ाई, दुख और लालच को भंग करने के लिए शांति सशक्त औजार है। कई लोग कहते हैं कि बिना इसके शांति नहीं हो सकती। इसके साथ ही भौतिक सुख-साधनों तथा अन्य संसाधनों से शांति होगी यह कहना भी गलत है। यदि इससे ही शांति हो जाती तो हम मंदिर आदि के चक्कर नहीं लगाते। धन-दौलत और संपदा से संसाधन खरीदे जा सकते हैं परंतु शांति नहीं। हम यही सोचते रह जाते हैं कि यह कर लूँगा तो शांति मिल जाएगी। आवश्यकताओं को पूरा करते-करते पूरा समय निकल जाता है और न तो शांति मिलती है और न ही खुशी। खुशहाल पारिवारिक जीवन के लिए जरूरी है कि पहले शांति रहे। जहाँ शांति है वहाँ विकास है। जहाँ विकास है वहाँ सुख है। इसलिए अमूल्य शांति के लिए सबसे पहले हमें अपने आप को देखना होगा। अपने बारे में जानना होगा। मैं कौन हूं, कहाँ से आया हूं और हमारे अंदर कौन-कौन सी शक्तियाँ हैं जो हम अपने अंदर ही प्राप्त कर सकते हैं। शांति का सागर परमात्मा है। हम आत्माएँ परमात्मा की संतान हैं। जब हमारे अंदर शांति आएगी तो हमारा विकास होगा।

बुंदेलखंड के सुधरेंगे दिन

सिद्धार्थ शंकर

आम बजट 2022-23 में मध्यप्रदेश को केन-बेतवा लिंक के लिए काफी कुछ मिला है। प्रोजेक्ट पर कुल 44 हजार करोड़ रुपए खर्च होंगे। 1400 करोड़ रुपए दे दिए गए। मध्यप्रदेश और उत्तरप्रदेश के 13 जिलों को इस प्रोजेक्ट से फायदा होगा। कटनी-पन्ना और छतरपुर जिलों में बहने वाली केन नदी 427 किलोमीटर का सफर तय कर उत्तर प्रदेश के बांदा जिले के पास यमुना नदी में गिरती है। रायसेन के पास से निकली बेतवा नदी 576 किलोमीटर का सफर तय करती हुई उत्तर प्रदेश के हमीरपुर के पास यमुना नदी में मिलती है। केन-बेतवा लिंक प्रोजेक्ट के तहत ढोढन (पन्ना) में डैम बनाकर केन के पानी को रोका जाएगा। यहां से 220.624 किमी की नहर बनाकर केन का पानी बरुआसागर (झांसी, यूपी) से निकली बेतवा नदी में छोड़ा जाएगा। इसमें 2 किमी लंबी सुरंग भी बनाई जाएगी। बजट पर देशवासियों से बात करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी कहा कि आम बजट में केन बेतवा लिंक परियोजना में मिलने वाली राशि से मध्य प्रदेश के बुंदेलखंड के खेतों में हरियाली आएगी और पलायन रुकेगा। मोदी ने यह बात बजट को लेकर भाजपा कार्यकर्ताओं को वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिये अपने संबोधन में केन बेतवा लिंक परियोजना को बुंदेलखंड के लिए महत्वपूर्ण बताया। पीएम मोदी ने कहा कि केन बेतवा लिंक परियोजना मध्य प्रदेश और उत्तर प्रदेश के बुंदेलखंड क्षेत्र के लिए बेहद महत्वपूर्ण साबित होगी। उन्होंने कहा कि अभी एमपी-यूपी के लोग काम की तलाश में गुजरात, महाराष्ट्र, तमिलनाडु व केरल तक जाते हैं। मगर केन बेतवा लिंक परियोजना की वजह से अब इन लोगों को

पलायन करने की जरूरत नहीं होगी। इस परियोजना से किसानों को भरपूर पानी मिलेगा। इससे किसानों को इधर-उधर भटकने की जरूरत नहीं होगी। उल्लेखनीय है कि आम बजट में केन बेतवा लिंक परियोजना के लिए मध्य प्रदेश को 900 करोड़ रुपए देने का प्रावधान किया गया है तो यूपी को 500 करोड़ मिलेंगे। करीब 42 साल पुरानी केन बेतवा लिंक परियोजना ने अब आकार लेना शुरू किया है। नदी जोड़ो अभियान में यह परियोजना बुंदेलखंड के सूखे की स्थिति को दूर करने में मील का पत्थर साबित हो सकती है। केंद्र सरकार ने नदियों को जोड़ने के लिए नेशनल पर्सपेक्टिव प्लान बनाया था। केन-बेतवा लिंक परियोजना प्लान का पहला प्रोजेक्ट है। केन नदी का पानी बेतवा नदी में ट्रांसफर किया जाएगा। दोनों नदियों को जोड़ने के लिए 220.624 किमी लंबी केन-बेतवा लिंक नहर बनाई जाएगी। मध्यप्रदेश के जिले पन्ना, टीकमगढ़, छतरपुर, सागर, दमोह, दतिया, विदिशा, शिवपुरी, रायसेन और उत्तर प्रदेश के जिले बांदा, महोबा, झांसी, ललितपुर को इससे फायदा होगा। जल शक्ति मंत्रालय के अनुसार, केन-बेतवा लिंक से सालाना 10.62 लाख हेक्टेयर जमीन की सिंचाई हो सकेगी। 62 लाख लोगों को पीने का पानी भी मिलेगा। 103 मेगावाट हाइड्रो पावर और 27 मेगावाट की क्षमता वाला सोलर प्लांट भी बनाया जाएगा। केन-बेतवा लिंक परियोजना में 2 बिजली प्रोजेक्ट भी प्रस्तावित हैं, जिनकी कुल स्थापित क्षमता 72 मेगावॉट है। प्रोजेक्ट के पहले चरण में केन नदी पर ढोडन् गांव के पास बांध बनाकर पानी रोका जाएगा। यह पानी नहर के जरिए बेतवा नदी तक पहुंचाया जाएगा। दूसरे चरण में बेतवा नदी पर विदिशा जिले में 4 बांध बनाए जाएंगे। बेतवा की सहायक बीना नदी (सागर) और उर नदी (शिवपुरी) पर भी बांधों का निर्माण किया जाएगा। केन बेतवा लिंक परियोजना से सबसे ज्यादा फायदा बुंदेलखंड क्षेत्र को होगा। सरकार सूखाग्रस्त बुंदेलखंड क्षेत्र में पानी की समस्या दूर करने की योजना बना रही है। बुंदेलखंड क्षेत्र यूपी और मप्र में फैला हुआ है। केन बेतवा इंटरलिंक प्रोजेक्ट की मदद से बुंदेलखंड में सिंचाई, पीने के पानी की कमी दूर हो सकेगी।

क्या हो चुकी है 'खदेड़ा होबे' की शुरुआत ?

सूडोकु नवताल- 5972

✱✲✲✲✲ सरल

		2				1		
				2	5	7	3	
	9	4		6	7			2
	5		4		3			9
	8			9			7	
1			6		8		2	
6			7	4		9	5	
	4	5	8	3				
		8				6		

Jagratidaur.com, Bangalore

सूडोकु नवताल 5971 का हल

9	1	6	2	3	7	4	5	8
8	2	3	4	5	9	1	7	6
4	5	7	1	6	8	3	9	2
5	6	8	7	1	2	9	3	4
1	7	4	9	8	3	2	6	5
2	3	9	5	4	6	8	1	7
7	4	1	8	9	5	6	2	3
3	8	5	6	2	1	7	4	9
6	9	2	3	7	4	5	8	1

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

निर्मल रानी

समाजवादी पार्टी नेता व उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने उत्तर प्रदेश के हरदोई ज़िले के समीप संडीला क़स्बे के सागरगढ़ी झावर में गत 28 नवम्बर को एक विशाल जनसभा को संबोधित करते हुये कहा था कि जिस तरह पश्चिम बंगाल में तृणमूल कांग्रेस ने %खेला होबे% का नारा दिया था उसी तर्ज़ पर उत्तर प्रदेश में सन् 2022 के चुनावों में भाजपा के लिए %खदेड़ा होबे% का नारा दिया गया है। उधर उत्तर प्रदेश सहित विभिन्न राज्यों से अनेक बड़े नेताओं का भाजपा से मोह भंग होना,मंत्री पद त्यागना और इनमें से अनेक नेताओं का समाजवादी पार्टी की शरण में जाना और इन सबसे भी महत्वपूर्ण विभिन्न क्षेत्रों में भाजपा नेताओं के विरुद्ध उमड़ता जनाक्रोश व इनका निरंतर होने वाला विरोध आख़िर किस ओर इशारा कर रहा है ?

वैसे तो भाजपा नेताओं के विभिन्न क्षेत्रों से खदेड़े जाने की शुरुआत किसान आंदोलन के दौरान उसी समय हो चुकी थी जब भारतीय जनता पार्टी आला कमान की ओर से अपने मुख्यमंत्रियों, मंत्रियों,सांसदों व विधायकों को यह निर्देश दिये गये थे कि वे किसान आंदोलन से प्रभावित राज्यों व क्षेत्रों में जनता के बीच जाकर तीनों कृषि क़ानूनों के सकारात्मक पहलुओं को समझायें। इसके बाद पंजाब,हरियाणा,राजस्थान व पश्चिमी उत्तर प्रदेश में अनेक भाजपा नेताओं ने यहां तक कि मुख्यमंत्री,उप मुख्य मंत्री,केंद्रीय मंत्री, सांसदों व विधायकों ने जैसे ही पार्टी आलाकमान के इस निर्देश पर अमल करना शुरू

किया उसी समय अधिकांश क्षेत्रों से इन नेताओं के खदेड़े जाने की ख़बरें आनी शुरू हो चुकी थीं। कई जगह तो कई हाई प्रोफ़ाइल नेताओं को किसानों के गुस्से का ऐसा सामना करना पड़ा कि किसी को लुक छुप कर भागना पड़ा,किसी को दीवार कूद कर भागना पड़ा तो किसी को उनके अंगरक्षकों ने अपनी जान पर खेल कर बचाया।

इसी सिलसिले के अंतर्गत केंद्रीय मंत्री संजीव बालियान, राज्य मंत्री भूपेंद्र सिंह तथा बुढाना के विधायक उमेश मलिक सहित भाजपा के अनेक नेता खाप चौधरियों से मिलने शामली इलाक़े में पहुंचे थे। शामली के भैंसवाल गांव में स्थानीय लोगों द्वारा इन नेताओं व भाजपा के विरुद्ध नारेबाज़ी करते हुये इन्हें गांव में घुसने से रोका गया था। ग्रामीणों ने रास्तों में ट्रैक्टर अड़ाकर कई जगह इन नेताओं का काफ़िला रोक दिया और भाजपा व इनके मंत्रियों के विरुद्ध मुर्दाबाद के नारे लगाए थे। भैंसवाल गांव में खाप चौधरियों ने तो भाजपा प्रतिनिधिमंडल में शामिल नेताओं से मिलने तक से मना कर दिया था। इस तरह का चौतरफ़ा विरोध और खदेड़ा होबे की वीडीओ वायरल होते देख भाजपा ने पूरी समझदारी का परिचय देते हुए अपना किसान समझाओ अभियान उसी समय तत्काल रूप से बंद कर दिया था बल्कि बाद में सरकार ने किसानों को समझाने के बजाये स्वयं में ही %समझ पैदा %कर इन विवादित क़ानूनों को ही वापस ले लिया था।

अब कृषि क़ानून तो सरकार ने ज़रूर वापस ले लिये परन्तु सरकार व भाजपा किसानों का विश्वास जीत पाने असफल रही है। किसान समझ रहे हैं कि उत्तर प्रदेश सहित पांच राज्यों में होने वाले चुनावों के मद्देनज़र ही सरकार ने यह क़ानून वापस लिये हैं। लिहाज़ा अभी भी किसान जगह जगह भाजपा नेताओं का खदेड़ा करने में लगे हैं। पश्चिमी उत्तर प्रदेश की 58 सीटों पर पहले चरण में 10 फ़रवरी को मतदान होना है। प्रत्येक पार्टी प्रत्याशी चुनाव प्रचार में जुट गये हैं। चुनाव आयोग ने चूँकि कोरोना महामारी के दृष्टगत बड़ी चुनावी रैलियों,सभाओं व रोड शो पर रोक लगा दी है इसलिये सभी प्रत्याशी मतदाताओं के द्वार द्वार जाकर अपने पक्ष में मतदान करने की अपील कर रहे हैं। मतदाताओं के दरवाज़ों पर जाकर वोट माँगना भी भाजपा प्रत्याशियों को भारी पड़ रहा है। पिछले दिनों खतौली के भाजपा विधायक विक्रम सैनी अपने चुनाव प्रचार हेतु जब मुनव्वरपुर गांव पहुंचे तो स्थानीय लोगों की भारी भीड़ ने उन्हें घेर लिया। उनके विरोध जमकर नारेबाज़ी की।

'आहत मन की मरम्मत (लघुकथा)'

डॉ. रीना रवि मालपानी

सीता स्वभाव से ही बहुत सरल थी। पता नहीं क्यूँ सब पर जल्दी से विश्वास कर लेती थी। अभी तक केवल वह पढ़ाई और कैरियर में ही संलग्न थी। जब गृहस्थ जीवन में प्रविष्ट हुई तो बहुत से नए-नए अनुभवों से साक्षात्कार हुआ। कभी-कभी कुछ जीवन में बहुत अच्छे के लिए होता है। नई जगह नए लोगों से अपनत्व हुआ। सीता की अच्छाई थी की वह घर आए मेहमानों का सत्कार आदरभाव से किया करती थी। आसपास के पड़ोसियों ने उसकी इसी बात का अनोखे तरीके से विश्लेषण शुरू कर दिया। दुनिया वालों को अच्छाई को बुराई में परिवर्तित करना बहुत अच्छे से आता है। सीता और राघव अभी भी अपने कैरियर को लेकर प्रयासरत थे तो उन्होने परिवार बढ़ाने के बारे में कुछ समय बाद का निर्णय लिया। वे दोनों एक दूसरे को समझने में कुछ समय देना चाहते थे, पर लोगों का अतिरिक्त मूल्यांकन कहाँ समाप्त होता है। कभी सीता को शारीरिक अस्वस्थ बताया गया, तो कभी राघव पर टीका-टिप्पणी हुई। कई बार अपनों से एवं अत्यधिक अपनत्व के कारण भी मन को चोट पहुँची। पूर्ण सहयोग देने के बाद भी कई बार परिस्थितिवश लोगों से उपेक्षित व्यवहार भी मिला। कई बार लोगों की घटिया सोच ने उनके व्यक्तित्व का आईना दिखा दिया। जब कुछ समय पश्चात सीता और राघव को बेवजह की टीका-टिप्पणी का ज्ञान हुआ तो उनका मन बहुत आहत हुआ, पर पिता की सीख थी की आगे बढ़ने और खुश रहने के लिए सभी प्रकार की परिस्थितियों से तालमेल बैठाना सीखना होगा, यदि स्वयं का लक्ष्य निश्चित है तो कभी भी मन को व्यथित नहीं होने देना चाहिए। जब श्रीराम ने मानवरूप धारण किया तो हर समय उन्हें विषम परिस्थितियों का सामना करना पड़ा। उन्होने हर समय परिस्थितियों का बदलता रूप देखा, पर पूर्ण संयम और धैर्य से वह निरंतर प्रयासरत रहें। ईश्वर को भी मानव अवतार में यश और अपयश का सामना करना पड़ा। पिता के कथन से सीता के आहत मन की मरम्मत हो गई। अब मन में कोई बोझ नहीं था। वह तो अपनी परिस्थितियों के अनुरूप आगे बढ़ने को प्रयासरत थी। इस लघुकथा से यह शिक्षा मिलती है की अकारण किसी की टीका-टिप्पणी कर उसके मन को आहत न करें, क्योंकि अगर आहत मन की मरम्मत हो जाती है तो जीवन एक नई दिशा भी प्राप्त कर सकता है और इसके विपरीत यदि कोई इंसान बिखर जाए और नकारात्मकता और अवसाद का शिकार हो जाए तो उसकी पूरी जिंदगी खराब हो सकती है। तो फिर क्यों हम अपनी ऊर्जा किसी के मन को आहत करने में ही खर्च करते है।

केन्द्रीय मंत्री तोमर के अथक प्रयासों से शनि मंदिर क्षेत्र बनेगा पर्यटक हब

-शनि मंदिर की परिक्रमा लंबाई लगभग 6 किलोमीटर होगी

-परिक्रमा मार्ग में सड़क, विद्युत, पानी, शौचालय एवं सैड बनाये जायेंगे

मुरैना। केन्द्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री नरेन्द्र सिंह तोमर के अथक प्रयासों से ग्राम ऐंती स्थित शनि मंदिर के आसपास मितावली, पढ़ावली, बटेश्वरा और ककनमठ पर्यटकों का हब बनें। इसके लिये कलेक्टर बी.कार्तिकेयन ने बुधवार को शनि मंदिर के सभागार में समस्त अधिकारियों की बैठक ली। संबंधित विभाग अपने-अपने ड्रॉइंग डिजायन एवं स्टीमेट 15 दिवस के अंदर प्रस्तुत करें, जिससे प्रस्ताव मेरे हस्ताक्षर से शासन को भेजे जा सकें। इस अवसर पर जिला पंचायत के सीईओ रोशन कुमार सिंह, पूर्व कलेक्टर सेवानिवृत्त विनोद शर्मा, एसडीएम शिवलाल शाक्य, एसडीओ बानमौर सहित पीएचई, पीडब्ल्यूडी, विद्युत, वन आदि विभागों के अधिकारी मौजूद थे।

बैठक में कलेक्टर बी.कार्तिकेयन ने कहा कि शनि मंदिर पर लगभग 6 किलोमीटर लम्बाई की छोटी परिक्रमा बनायी जायेगी, जिसमें सड़क इस प्रकार की होंगी कि गर्मियों के समय में श्रद्धालुओं को नंगे पैर चलने में असुविधा न हो। इस लिये सड़क डामर की अपेक्षा अच्छी क्वालिटी की सीसी की बनाई जाये। परिक्रमा मार्ग में 500 मीटर की दूरी पर शौचालय बनाये जायेंगे। जिसमें श्रद्धालुओं को विश्राम करने के लिये छाया की दृष्टि से सैड भी बनाये जायेंगे। उन्होंने कहा कि परिक्रमा मार्ग में विद्युत प्रकाश की व्यवस्था उत्तम रहे, इसलिये पूरे परिक्रमा मार्ग में 222 पोल लाइट के लगाये जायेगें। इस पर लगभग पौने 2 करोड़ रूपये का खर्च आयेगा। कलेक्टर ने कहा कि परिक्रमा मार्ग में जल-जीवन मिशन के तहत पेयजल का प्रबंध पीएचई विभाग द्वारा किया जायेगा। यह कार्य मार्च माह के प्रारंभ में कर दिया जाये। परिक्रमा 12 फीट चौड़ाई की बनाई जायेगी, दोंनो तरफ एक-एक फुट में प्लाटेशन कराया जायेगा। जिसके लिये पौधे शासन द्वारा उपलब्ध कराये जायें। पौधे लगाने एवं अन्य कार्य वन विभाग का रहेगा।

कलेक्टर ने बताया कि कुछ समय पहले केन्द्रीय मंत्री श्री तोमर द्वारा इस क्षेत्र का भ्रमण किया गया था, इसमें ग्वालियर बायपास रोड़ से शनि मंदिर तक फोरलेन तैयार करने की बात कही थी। यह कार्य पीडब्ल्यूडी विभाग द्वारा किया जायेगा। इस पर लगभग 21 करोड़ रूपये का व्यय होगा। इसके अलावा रिठौराकलां से शनि मंदिर तक झ किलोमीटर की लंबी सड़क भी प्रस्तावित है। इस कार्य को पीडब्ल्यूडी विभाग करेगा। कलेक्टर ने कहा कि नूरावाद से शनि मंदिर तक रोड़ का रिनोवेशन किया जाना है। इसका टेण्डर पूर्ण हो चुका है। ठेकेदार इस कार्य को शीघ्र प्रारंभ करें। कलेक्टर ने कहा कि गर्भगृह में मेला के दौरान अधिक भीड़ एकत्रित होती है, इसलिये शनि कुण्ड को बगल से बनाया जायेगा। शासन द्वारा शनि सरोवर के लिये जो जगह चिन्हित की गई है, उस जगह पर सिंचाई विभाग स्टीमेट तैयार करे। वन विभाग से एनओसी प्राप्त करके इस कार्य को प्राथमिकता दी जाये। इसलिये शनि कुण्ड को भी शनि मंदिर के बाई तरफ विस्तार रूप दिया जाये। इस संबंध में अधिकारियों ने मौका मुआयना किया और शनि मंदिर पर्यटक हब बने। इसके लिये 100 साल की कार्य योजना तैयार करने की बात कही।

बूथ विस्तारक कार्यक्रम से पार्टी में और मजबूती आएगीः अभय चौधरी

कैलारस। भारतीय जनता पार्टी कैलारस के बूथ क्रमांक 208 पर बूथ विस्तारक कार्यक्रम के अंतर्गत बैठक पार्टी के महामंत्री महेश श्रीवास्तव के निवास पर आहूत की गई। बैठक में मुख्य अतिथि के

रुप में भारतीय जनता पार्टी जिला संगठन के प्रभारी एवं वरिष्ठ नेता अभय चौधरी उपस्थित थे इसके अलावा विशेष रुप से पार्टी के जिले के महामंत्री अरविंद्र सिकरवार एवं जिले के मंत्री राजेंद्र शुक्ला विशेष रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता पार्टी के अध्यक्ष राजू गुप्ता ने की। बूथ समिति के सदस्यों को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि अभय चौधरी ने कहा कि बूथ विस्तारक कार्यक्रम पार्टी का ऐतिहासिक कार्यक्रम है। इसके माध्यम से पार्टी में और अधिक मजबूती आएगी और कार्यकर्ता सरकार की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने में आसान हो जाएगा। उन्होंने कहा कि बूथ विस्तारक और बूथ अध्यक्ष दोनों मिलकर आईटी सेल के प्रभारी के सहयोग से समय सीमा के अंदर बूथ समितियों का गठन करें। बैठक का संचालन मंडल महामंत्री महेश श्रीवास्तव द्वारा किया गया। इस अवसर पर बैठक में पार्टी के वरिष्ठ नेता बनवारी लाल शुक्ला, सियाराम सिंह सिकरवार, अशोक राणावत, पूरन शिवहरे, पप्पू लाल अग्रवाल, विशंभर सिंघल दिलीप जगा सहित बूथ के दर्जनों कार्यकर्ता उपस्थित थे।

विधायक ने जन संवाद के लिए कांग्रेसियों को किया रवाना

मुरैना। शहर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी दक्षिण मुरैना ब्लॉक अध्यक्ष अब्दुल रज्जाक खान पटेल द्वारा तीसरे दिन मुरैना विधायक राकेश मावई द्वारा चंबल कॉलोनी गेट से झंडा दिखाकर जनता से संवाद का घर चलो, घर-घर चलो महा अभियान की शुरुआत की। अभियान के दौरान कांग्रेस पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं ने घर-घर जाकर आमजन

को कांग्रेस पार्टी का सदस्य बनाने के लिए प्रेरित किया व बर्तमान सरकार की नाकामियों से अवगत कराया। गुरूवार को चलाए गए अभियान में अनुसूचित जनजाति जिला अध्यक्ष प्रेम बंसल, महामंत्री जिला कांग्रेस जितेंद्र गोरैया, शत्रुघ्न राजावत मंडल अध्यक्ष, अरविंद शर्मा मंडल अध्यक्ष, सुभाष माहौर, अनवर खान, माखन सिंह राजावत मौजूद रहे।

दलित ने किन्नरों पर लगाया कब्जा करने एवं लूटपाट करने का आरोप

मुरैना। जौरा तहसील के ग्राम सांकरा में एक दलित की झोपड़ी छप्पर भूमि पर कुछ किन्नरों द्वारा अवैध रूप से कब्जा करने व मारपीट कर लूटपाट करने संबंधी ज्ञापन पीडित दलित ने जिला कलेक्टर को दिया है और कार्यवाही की मांग की है।

पीड़ित गीता पत्नी जीवाराम जाटव, मेघ सिंह पुत्र काशीराम जाटव निवासी ग्राम सकरा तहसील जौरा ने जिला कलेक्टर को दिए आवेदन में बताया कि भूमि सर्वे क्रमांक 565 के अंश भाग में करीब 10 वर्ष पूर्व से भूमि पर झोपड़ी छप्पर बने हुए है, जिसमें उनके परिवार निवास करते हैं एवं उनके पास कहीं कोई भवन नहीं है। 26 जनवरी 2018 को ग्राम पंचायत द्वारा पट्टा देने हेतु ठहराव प्रस्ताव दिया गया था, जिसके आधार पर उन्होंने तहसीलदार जौरा को उपरोक्त भूमि का पट्टा देने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया था। 26 मार्च 2018 को तहसीलदार द्वारा द्वारा उपरोक्त भूमि का पट्टा प्रार्थी गण को दिए जाने का प्रतिवेदन अनुभाग अधिकारी द्वारा को प्रस्तुत किया गया है। अनुविभागीय अधिकारी के न्यायालय में यह मामला विचाराधीन है, परंतु किन्नर पायल एवं राधा द्वारा अपने साथियों के साथ मिलकर आए दिन उनके साथ मारपीट गाली गलौज

कर धमकियां दी जा रही हैं, यही नहीं भूमि को खाली करने एवं झोपड़ी छप्पर को तोड़ने आग लगाने की धमकी दी जा रही हैं। उक्त किन्नर उनकी भूमि पर अवैध कब्जा करना चाहते हैं और जबरदस्ती कब्रिस्तान श्मशान घाट का बोर्ड लगा दिया गया है। पीड़ित दलित परिवार ने जिला कलेक्टर से कार्यवाही की मांग की है।

मृतक व घायल को सहायता देने हेतु कलेक्टर को दिया ज्ञापन

मुरैना। सिविल लाइन थाना अंतर्गत कुछ दिन पूर्व एक्सीडेंट में मौत का शिकार हुए मंगल प्रजापति एवं घायल नरेश प्रजापति के परिजनों ने जिला कलेक्टर को समाज की ओर से ज्ञापन देकर आर्थिक मदद की मांग की है। मृतक मंगल सिंह की पत्नी राम दुलाई प्रजापति ने अखिल भारतीय प्रजापति महासंघ

के जिला अध्यक्ष दिनेश प्रजापति सहित समाज के लोगों के साथ कलेक्टर को आवेदन दिया जिसमें बताया गया कि 28 जनवरी को एबी रोड पर बाइक से जा रहे मंगल सिंह व नरेश प्रजापति को एक कंटेनर ने कुचल दिया, जिसमें मंगल सिंह की मौत हो गई, वहीं नरेश प्रजापति घायल हो गया, जिसका इलाज ग्वालियर में चल रहा है। परिवार की आर्थिक स्थिति काफी दयनीय है, इसलिए इलाज हेतु आर्थिक मदद दी जाए। इस मौके पर कप्तान सिंह प्रजापति, सोनू प्रजापति, मांगीलाल सहित समाज के अन्य लोग मौजूद थे।



68 वर्षीय शकुन्तला जाटव का सरकारी खर्च पर हुआ ईलाज

मुरैना। परिवार कल्याण राष्ट्रीय हेपेटाइटिस कार्यक्रम के तहत 68 वर्षीय शकुन्तला जाटव का सरकारी खर्च पर ईलाज हुआ है। प्रेमनगर मुरैना निवासी 68 वर्षीय शकुन्तला पत्नि गंगाराम जाटव ने बताया कि मुझे चक्कर आते थे और धड़कन अचानक बढ़ जाती थी। ऐसी स्थिति में मैंने मुरैना जिला चिकित्सालय में डॉ. राघवेन्द्र यादव से चैकअप कराया। उन्होंने मेरी सभी जांचे कराई, सीबीसी, ईसीजी, ब्लड प्रेशर, शुगर की जांच प्रायवेट लैब टेक्नीशियन से कराई गई। डॉ. राघवेन्द्र यादव द्वारा जांच देखने पर मुझे ग्वालियर रेफर कर दिया। जहां जांच होने पर जांच में हेपेटाइटिस-सी पॉजिटिव पाया गया तो मैं मुरैना वापस आ गई। मैं पुनः जिला चिकित्सालय पहुंची और ग्वालियर से कराई

जांच को डॉ. धर्मेन्द्र गुप्ता जो (हेपेटाइटिस नोडल ऑफीसर है) द्वारा देखी तो हेपेटाइटिस-सी पॉजिटिव की दवाईयां लिखी। 3 माह तक दवा और इंजेक्शन जिला चिकित्सालय मुरैना में संतोष भदौरिया फार्मासिस्ट द्वारा निःशुल्क दी गई। मैं अब बिल्कुल ठीक हूं। मुझे हार्ट की भी परेशानी नहीं है और न ही चक्कर आते है, न ही धड़कन बढ़ रही है। यहां पर डॉक्टर और सिस्टरों ने मेरी देखभाल बहुत अच्छी की। पहले मेरा खाना, पीना सब छूट गया था, कुछ भी अच्छा नहीं लगता था। अब मैं खूब खाना खाती हूं। मुझे कोई परेशानी नहीं है। मैं प्रदेश सरकार को धन्यवाद देती हूं कि उन्होंने गरीबो के बेहतर ईलाज की व्यवस्था जिला चिकित्सालयों में की है।

कप्तान बदलते ही पुलिस हुई सक्रिय, निकाली मोटरसाइकिल रैली

कानून व्यवस्था बनाए रखने आम जनता से किया संवाद

अम्बाह। पुलिस अधीक्षक आशुतोष बागरी के निर्देश पर अंबाह पुलिस ने लंबे अर्से समय बाद बुधवार को सक्रियता दिखाते हुए शहर भर में भ्रमण किया। पुलिस को यकायक सड़कों पर देखकर नागरिकों में कानून व्यवस्था के प्रति विश्वास पैदा हुआ। टीआई रविंद्र सिंह ने थाने के पुलिस फोर्स के साथ नगर व आसपास के क्षेत्र में शांति और कानून व्यवस्था बनाए रखने को लेकर शहर भर में बाइक रैली निकाली एवं जनमानस से संवाद किया। इस दौरान उन्होंने आवागमन कर रहे वाहनों एवं मोटरसाइकिल सवारों को चेक किया साथ ही कोरोना गाइड लाइन पालन करने के निर्देश भी दिए। धार्मिक स्थल एवं स्कूलों, कोचिंग के आसपास सार्वजनिक स्थानों पर धूम्रपान कर रहें लोगों को देखकर फटकार लगाई। इस फ्लैग मार्च के दौरान शहर के लोगों से उन्होनें वार्ता भी की। टीआई रविन्द्र सिंह इस दौरान पैदल ही कई क्षैत्रों में गए। यह फ्लैग मार्च थाने से पोरसा चौराहे, नगर पालिका, बाईपास रोड, पीपल चोराहा, मिश्र नगर, मुरैना रोड सहित मुख्य मार्गों से होकर निकाला गया। वही संदिग्ध दिखने

वालो से पूछताछ भी की गई। वन-वे ट्रैफिक का पालन कराने के लिए सडकों पर चल रहे वाहन चालकों एवं विना मास्क के घूम रहे लोगों को समझाईश दी। थाना प्रभारी रविंद्र सिंह ने कहा कि कानून व्यवस्था बिगाडने वालों को बख्शा नहीं जाएगा। कानून व्यवस्था बनाने में सभी लोग पुलिस प्रशासन का सहयोग करें। पोरसा चौराहे पर टीआई रविंद्र कुमार ने आम जनता के बीच जाकर लोगों को समझाया कि सभी कानून व्यवस्था कायम रखें। साथ ही पुलिस का सहयोग करें। उन्होंने कहा कि पुलिस समय-समय पर जनता के साथ संवाद करती रहेगी। ग्रामीण अंचल में भी बाइक रैली के जरिए पुलिस पहुंचेगी और जनता की समस्याएं सुनेगी। रविंद्र कुमार ने कहा कि कानून व्यवस्था को हर हाल में कायम रखने के लिए कार्य किया जाएगा।

दिमनी हाल ही में ग्वालियर तबादले पर उपनिरीक्षक शैलेन्द्र शर्मा को दी गई भावभीनी विदाई...

केशब पंडित जी अम्बाह...??

मुरैना... दिमनी पुलिस उपनिरीक्षक शैलेन्द्र शर्मा के स्थानांतरण पर दिमनी थाना परिसर में विदाई समारोह का आयोजन किया गया। इस मौके उपनिरनक्षक उपेन्द्र भदौरिया उपनिरीक्षक निशा माबई प्रधान आर.लक्ष्मण माबई व अधुनन्दन सिह आर.पीतम माबई रूपेश सिकरबार व श्रीनिवाश शर्मा प्रमोद शर्मा राजेन्द्र गुर्जर सतेन्द्र सरपंच सहित प्रशासनिक व पुलिस पदाधिकारी मौजूद थे। विदाई समारोह में वक्तताओं ने कार्यकाल की प्रशंसा करते हुए उनकी मृदुभाषिता व मिलनसार

व्यक्तित्व की चर्चा की। उपेन्द्र भदौरिया ने कहा कि निर्वाचन कार्य शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न कराने के साथ विधि व्यवस्था बनाए रखने में भी जिला प्रशासन के साथ बेहतर समन्वय के साथ काम किया था इस अवसर पर उपनिरीक्षक निशा माबई ने कहा कि अपराध की घटनाओं का सफलतापूर्वक उद्घेदन करने में उनकी कार्यशैली अन्य पुलिस कर्मचारियों के लिए प्रेरणा का काम करेगी श्री शर्मा ने अपना पूर्व का कार्यकाल देशसेवा मे आर्मी में सूबेदार पद पर रहकर सरल भाव से देश रक्षाकर पुलिस में एसआई मे भर्ती होकर जन सेवा में ईमानदारी न्याय दिलाते हुई दिमनी अब्बल कार्यकाल यादगार रहेगा। इसके बाद शैलेन्द्र शर्मा ने कहा कि मेरे कार्यकाल के दौरान वरीय व कनीय पदाधिकारियों सहित आमलोगें से मिले सहयोग के प्रति आभार जताया। उसके बाद सभी फूल मालाओ से लादकर राजस्थानी स्फाफा पहनाकर भाव भीनी विदाई देकर उपहार भेंट कर आगे और सफलता की कामना की...

दतिया 20000, के 02 इनामी फरारी बदमाश कोतवाली पुलिस की गिरफ्त

संदीप प्रधान उप संपादक दैनिक पुष्पांजलि टुडे

दतिया पुलिस अधीक्षक श्री अमन सिंह राठौर जी अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री कमल सिंह मौर्य जी तथा सिटी एसडीओपी दतिया श्री सुमित अग्रवाल जी के निर्देशन में थाना कोतवाली पुलिस द्वारा आज 20000 के इनामी 02 फरारी ईनामी बदमाशो को गिरफ्तार किया जाकर माननीय न्यायालय प्रस्तुत किया गया

इनकी हुई गिरफ्तारी

1- स्वाई वारंटी अजीज खा पुत्र मोहम्मद रज्जाक खाँ उम्र 37 साल निवासी चुनगर फाटक दतिया

2- स्वाई वारंटी रईस पुत्र रहीम वक्त मुसलमान उम्र 54 साल निवासी सपा पहाड़ दतिया

आरोपी रज्जाक 2017 से फरार था नाम बदलकर झांसी में रह रहा था झांसी से किया गया गिरफ्तार आरोपी के विरुद्ध दहेज मृत्यु का अपराध था थाना कोतवाली में पंजीबद्ध

आरोपी रहीश बवश के खिलाफ मारपीट का अपराध था पंजीबद्ध आरोपी दतिया छोड़कर अजमेर शरीफ में निवास करने लगा था एक शादी में सम्मिलित होने आया था मुखबिर की सूचना पर किया गया आरोपी को गिरफ्तार।

दतिया पुलिस अधीक्षक द्वारा आरोपियों की गिरफ्तारी पर ?10000-10000 का ईनाम घोषित किया गया था

आरोपियों कि गिरफ्तारी में इनकी रही मुख्य भूमिका

थाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षक रविंद्र शर्मा, ,प्रधान आरक्षक शिवकुमार राजावत, प्रधान आरक्षक फिरोज खान,आर ज्ञानेंद्र शर्मा ,दिलीप प्रधान, की रही मुख्य भूमिका

मंडल ककरहटी में चलाया गया माइक्रो डोनेशन अभियान

पत्रा जिला ब्यूरो गौरीशंकर कुशवाहा की खबर

ककरहटी- आज भारतीय जनता युवा मोर्चा पत्रा द्वारा भाजपा युवामोर्चा के यशस्वी प्रदेशअध्यक्ष माननीय श्री वैभव पवार जी के अवाहन पर भारतीय जनता युवा मोर्चा पत्रा के ऊर्जावान अध्यक्ष श्री भास्कर पांडेय जी के नेत्रत्व में ककरहटी मंडल में युवा मोर्चा के ज्ञानेंद्र पाठक के द्वारा माइक्रो डोनेशन के लिए युवाओं को प्रेरित किया गया जिससे युवाओं ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया और नमो एप के द्वारा माइक्रो डोनेशन कराया गया ! युवा मोर्चा के सक्रिय कार्यकर्तता ज्ञानेंद्र पाठक (रामबाबू)ने माइक्रो डोनेशन किया और अपने साथियो को भी माइक्रो डोनेशन के लिए प्रेरित किया जिसमें भारतीय जनता पार्टी के ककरहटी मंडल के उपाध्यक्ष लखन यादव प्रशांत भार्गव आलोकतिवारी नितिन गुप्ता बिज्जु यादव धीरज सेन ने माइक्रो डोनेशन किया ।

मध्य प्रदेश युवा ब्राह्मण शक्ति संगठन पत्रा जिला के जिला उपाध्यक्ष बने प्रियव्रत गौतम लकी

पत्रा जिला ब्यूरो गौरीशंकर कुशवाहा की खबर

समाज को संगठित करने और विकास की राह पर ले जाने के उद्देश्य से गठित युवा ब्राम्हण शक्ति संगठन की आज पत्रा जिले के कार्यकारिणी गठित की जिसमें प्रदेश अध्यक्ष सहित जिला अध्यक्ष के नेतृत्व में जिला पत्रा उपाध्यक्ष प्रियव्रत गौतम दायित्व निर्वाहन हेतु जिम्मेदारी शांपी गई। जिसमें प्रदेश अध्यक्ष, संदीप दुबे जी के द्वारा संगठन के विस्तार और समाज के उत्थान और संगठन हित में कार्य करने की शपथ दिलाई।

पूरे दतिया जिले को उत्साहित करने वाली खबर

संदीप प्रधान उप संपादक की रिपोर्ट दैनिक पुष्पांजलि टुडे

खिरिया आलमपुर के रहने वाले श्री गिरजा शंकर चौधरी के सुपुत्र डॉ विजय चौधरी सहायक प्राध्यापक , पैथोलॉजी विभाग, मेडिकल कॉलेज, का नीट सुपरस्पेशलिटी कम्पटीशन में क्लीनिकल हेमाटोलॉजी विषय में ऑलइंडिया 21 वी रैंक आयी है , विदित हो कि डॉ विजय चौधरी पिछले 4 सालों से मेडिकल कॉलेज दतिया में अपनी सेवाएं दे रहे हैं, इस चयन परीक्षा में चयनित होने वाले डॉक्टर विजय चौधरी दतिया जिले के एवं मध्य प्रदेश एक मात्र चिकित्सक होंगे, इस कामयाबी ने यह साबित किया है कि सफलता की कोई उम्र और कोई सीमा नहीं होती है , अब डॉक्टर विजय चौधरी को देश के उच्च संस्थान में से किसी एक में 3 साल क्लीनिकल हेमाटोलॉजी विषय की गहन पढ़ाई और ट्रेनिंग करनी होगी तत्पश्चात डॉ विजय चौधरी का सपना दतिया में बापस आकर अंचल का पहला सुपर स्पेशलिटी विभाग शुरू करने का है । उनकी इस सफलता पर उनके गांव और सम्पूर्ण मेडिकल कॉलेज में खुशी की लहर है इस अवसर पर डीन मेडिकल कॉलेज डॉ दिनेश उदेनिया, सीएमएचओ डॉ आर बी कुरेले , सिविल सर्जन डॉ के सी राठौर, अस्पताल

अधीक्षक डॉ अर्जुन सिंह, सह अधीक्षक डॉ सचिन यादव एवं डॉ हेमंत जैन , डॉ मुकेश राजपूत, मेडिकल कॉलेज के समस्त चिकित्सक एवं स्टाफ , जिला चिकित्सालय के समस्त चिकित्सक और स्टाफ ,महेन्द्र पाठक , इत्यादि ने उन्हे उज्जवल भविष्य की बधाई दी है।

मप्र के इन जिलों में बारिश के आसार, बिजली चमकने का भी अलर्ट...

केशब पंडित जी अम्बाह... चम्बल संभाग मुरैना... पश्चिमी विक्षोभ के एक्टिव होने से मध्य प्रदेश का मौसम बदल रहा है। एमपी मौसम विभाग के मुताबिक आने वाले दिनों में न्यूनतम तापमान में 3 से 5 डिग्री सेल्सियस की गिरावट की सम्भावना है। मौसम विभाग ने आने वाले 24 घंटों में प्रदेश में कहीं कहीं बारिश के आसार और बिजली चमकने का अलर्ट घोषित किया है।

बुधवार को पश्चिमी विक्षोभ के एक्टिव होने से मध्य प्रदेश का मौसम बदल गया है। पिछले 24 घंटे में सबसे न्यूनतम तापमान 9.2 डिग्री सेल्सियस मंडला और खजुराहो में दर्ज किया गया। एमपी मौसम विभाग के मुताबिक अगले 24 घंटों में भोपाल और आसपास मौसम सामान्य तौर पर शुष्क रहेगा और आसमान साफ रहेगा

एमपी मौसम विभाग ने पूर्वानुमान जताया है कि रीवा संभाग के जिलों में एवं डिंडोरी, शहडोल, मंडला, बालाघाट, भिंड और मुरैना कहीं कहीं बारिश और गरज चमक के साथ बौछारें पड़ेंगी। प्रदेश के शेष जिलों में मौसम शुष्क रहेगा। उधर मौसम विभाग ने सीधी, सिंगरौली, भिंड और मुरैना में गरज के साथ बिजली चमकने का अलर्ट जारी किया है...

कीरवा मे माही बीज पर एक शाम चामुण्डा माता के नाम भजन संध्या का आयोजन किया

भजनो पर झूमे श्रोता , श्रद्धालुओ के लिए महाप्रसादी कार्यक्रम आयोजित किया व भामाशाहओ का सम्मान किया गया ।

पुष्पांजलि टुडे। पाली

रानी पाली निकटवर्ती कीरवा गांव मे मीणा का वास मे स्थित मां चामुण्डा माता जी मन्दिर परिसर मे मीणा समाज श्री जगदम्बा नवयुवक मंडल के तत्वावधान मे पर माही बीज के अवसर पर बुधवार रात्रि को एक शाम मां चामुण्डा माता जी के नाम भजन संध्या कार्यक्रम आयोजित कि गई । भजन संध्या मे गायक कलाकार प्रताप खीड व भंवरू खा पार्टी ने गणपति वंदना मे तो थाने सिवरू म्हारा गणपति देवा ... की प्रस्तुति के साथ किया । इसके बाद गुरु महिमा सतगुरु हेलो पाडियो सुतोडा जागो ... गौतम जी पावडीय निमतो आऊ मारा भूरिया बाबा गायक भवरू खा ने चदन मनीयागर आबू घडो रो देजो बेचनो रे , देजो गडो गढ

रो राजो हो , जी हे हे है धणी धणी मम्हा रजुजा रा धणी ,सहित एक से बढकर भजनो कि प्रस्तुति पर श्रोता झूम उठे । ओर चामुण्डा माता जी की जयकारो से माहौल विभिन्न कार्यकम मे सहयोग दिया गया । गुरुवार सुबह श्रद्धालुओ व ग्रामीण के लिए भामाशाह चौथाराम पुत्र टोपाराम , बंशीलाल , नेमाराम , हितेष पुत्र कनाराम , पकाराम , ढलाराम , नीम्बाराम पुत्र दीपाराम , सकाराम पुत्र पकाराम , मोहनलाल सोहनलाल पुत्र मगाराम , छोगाराम पुत्र धेनरजी , बाबुलाल पुत्र जोवताराम मीणा सुटरा सोलकी परिवार कि ओर से महाप्रसादी का आयोजन किया । माता जी कि पूजा अर्चना कर सुख समृद्धि कि कामना कि गई । इस दौरान आगामी कार्यकम के लिए विभिन्न बोलिया लगाई गई । इस अवसर पर माता जी भोपा सवाराम मीणा , कोटवाल बाबुलाल , चौथाराम मीणा , सोहनलाल , वीराराम , मोहनलाल , चेलाराम , फूलाराम , सोनाराम , हरिराम , भगाराम , मदनलाल , चौपाराम ,धनाराम , नेमाराम , जयन्तीलाल , रतनलाल , गजाराम , रमेशकुमार, भेराराम , मानाराम , गणेश , मांगीलाल , हरिराम सहित कई लोग उपस्थित थे ।

नीतू फैंसी ज्वैलर्स एवम् जेसीआई शिवपुरी स्वर्णा द्वारा किया गया देश भक्ति गीत पुरूस्कार वितरण कार्यक्रम का आयोजन

अनिल कुशवाह ब्यूरो
पुष्पांजलि टुडे

शिवपुरी-नीतू फैंसी ज्वैलर्स एवं जेसीआई शिवपुरी स्वर्णा द्वारा आयोजित देशभक्ति गीत प्रतियोगिता का पुरस्कार वितरण कार्यक्रम आज 30/01/2022 को सनराइज होटल में श्री भरत अग्रवाल जी प्रदेश महामंत्री प्रभारी शिवपुरी संभाग वैश्य महासम्मेलन मध्यप्रदेश के मुख्य आतिथ्य, मिसेज इंडिया बॉडी ब्यूटीफुल 2021 मिसेज रिंकी वर्मा के विशिष्ट आतिथ्य ,श्रीमती शोभा पुरोहित किशोर न्यायालय बोर्ड मेंबर (गेस्ट ऑफ़ ऑनर) शिवपुरी बीआरसीसी श्री अंगद सिंह तोमर मुख्य सहयोगी जेसीआई प्रेसिडेंट जेसी आशु अग्रवाल ,आई पी पी जेसी स्मिता सिंघल के सानिध्य, जेसी नेहा शर्मा मैजिक एंजिल ब्यूटी पार्लर एवं मोहित बडाया कलश डेकोरेशन की स्पॉन्सरशिप में सम्पन्न हुआ। जिसमें सिंगर नीतेश शर्मा जी , एस एम ए डायरेक्टर जेसी प्रियंका शिवहरे एवं शिक्षिका एवं जेसी मेंबर नीता श्रीवास्तव ने जज की भूमिका निभाई जिसमें गीत खंडेलवाल ने प्रथम, श्रेया पाण्डेय ने द्वितीय एवं चार्बी खंडेलवाल ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। विशेष स्थान स्वाति माहेश्वरी ने प्राप्त किया।मानवी

सिंह, श्रृष्टि सक्सेना , नीति सिंघल, रिधिम जैन, दिव्यांशी जैन एवं मानवी गुप्ता को सांत्वना पुरस्कार प्राप्त हुआ। वंश श्रीवास्तव, अपूर्वा जैन, परी हिंडोलिया , सृष्टि जैन,कोसमी जैन, आर्यन मानव चौकसे, शौर्य अग्रवाल , मान्या भार्गव, शांभी चौकसे, शैलवी गुप्ता, देवल गुप्ता, तनु शिवहरे एवं अर्णव जैन ने सहभागिता पुरस्कार प्राप्त किया। इसी के साथ बच्चों को उत्साह वर्धन करने राज एक्सप्रेस से श्री अभय कुचेटा जी एवं श्री मुकेश चौधरी जी, पुष्पांजलि टुडे से श्री अनिल कुशवाह जी एवं आर एस रजक जी, प्रेस रिपोर्टर श्री मोनू नामदेव जी उपस्थित रहें । सारे कार्यक्रम की फोटो ग्राफी करने श्री भूपेंद्र नामदेव जी उपस्थित रहे। सभी पत्रकार बन्धुओं को अपना कीमती समय देने हेतु धन्यवाद के रूप में स्मृति चिन्ह प्रदान किए गए। कार्यक्रम को सफल बनाने में सभी बच्चों के मातापिता की भूमिका भी सराहनीय रही एवं जेसिआई स्वर्णा सेक्रेटरी रश्मि गोयल , ब्लड कॉल डोनर जेसी अंजना अग्रवाल, राष्ट्रीय कवियत्री जेसी कमलेश सक्सेना , जेसी निशा गोयल, जेसी रानी गोयल, जेसी रुचि अग्रवाल , जेसी दुर्गेश गुप्ता ने भी अपनी सारगर्भित उपस्थिति प्रदान की। कार्यक्रम का संचालन जेसी रिजवाना खान के द्वारा किया गया जबकि आभार जेसी रश्मि गोयल ने व्यक्त किया।

शहीद दिवस पर राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी को श्रद्धांजली प्रदान करने हेतु सभी ने दो मिनट का मौन रखा। एवम् जेसे विंग चेयर पर्सन आर्यन जैन का विशेष योगदान रहा।

माही बीज पर्व धूम धाम से मनाया।आई माता जी की गादी पाठ चढ़ाकर जन्मा जागरण किया

पुष्पांजली टुडे/नारायणलाल सैणचा

कुक्षी- -माही बीज पर्व नगर के साथ क्षेत्र में हर्ष उल्लास के साथ मनाया गया।माही बीज के शुभ अवसर पर सीरवी समाज की आराध्य देवी आई माता जी ने आज के दिन सेकडो वर्ष पहले दीवान पद की स्थापना की थी ।तब से समाज में माही बीज पर्व धूम धाम से मनाया जाता रहा है।नगर कुक्षी में भी चल समारोह मेंन बाजार ,बड़ी हताई होते हुए आई माता मंदिर पहुचा जहा आई माता की गादी चढ़ाकर आरती की गई ।चल समारोह में सीरवी समाज सकल पंच के साथ समाज के गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।क्षेत्र के साथ आसपास के गावो में पर्व धूम धाम से मनाया गया। रात्रि में जन्मा जागरण हुआ- माही बीज के पावन अवसर पर आई माता बढ़ेर कुश्री में रात्रि में श्री अंबिका तदुरा भजन मंडल द्वारा बाबा रामदेवजी का जन्मा जागरण किया गया।जिसमें आई माता और बाबा रामदेवजी के भजनों कि प्रस्तुति दी गई।जिससे पूरा वातावरण धर्ममय हो गया।

दस दिन से ट्रांसफार्मर फुंकने से वार्ड वासी अंधेरे में रहने को मजबूर

गोहदद्ध युवा कांग्रेस के साथी विधानसभा महासचिव गौरव कोली के द्वारा वार्ड नंबर 8 में 10 दिन से ट्रांसफार्मर खराब होने की वजह से बिजली नहीं थी उसको लेकर गौरव कोली के नेतृत्व में बिजली विभाग का घेराव एवं एसडीएम साहब को ज्ञापन दिया विधानसभा युवा कांग्रेस के अध्यक्ष अवध किशोर बंटी गुर्जर ने पहुंच कर उन्होंने चेतावनी दी कि अगर 5 घंटे के अंदर हमारी समस्याओं का निराकरण नहीं हुआ तो हम पूरी कांग्रेस पार्टी के साथ मिलकर यहां धरना प्रदर्शन करेंगे इसी मौके पर ब्लॉक कांग्रेस के अध्यक्ष आशीष गुर्जर जी भी आ गए उन्होंने प्रशासन को चेतावनी दी जिसके बाद बिजली विभाग के अधिकारियों द्वारा लिखित में दिया गया कि शाम को 7~00 बजे तक ट्रांसफार्मर लग जाएगा उसके बाद सभी कांग्रेस के साथी और वार्ड के सभी निवासी वहां से हटे इस मौके पर राजेंद्र परिहार कैलाश माहौर केदार कौशल बृजेश चौरसिया रवि माहौर अरुण माहौर आशु खान पारस माहोर अशोक माहौर रिंकू माहौर भानु गुर्जर और बड़ी संख्या में वार्ड के निवासी उपस्थित थे

छात्र सहायता कार्यक्रम हुआ संपन्न शासकीय छत्रसाल महाविद्यालय पिछोर में

राकेश परिहार पीटीवी न्यूज़ पिछोर, 9691338626

पिछोर, छात्र सहायता कार्यक्रम हुआ संपन्न शासकीय छत्रसाल महाविद्यालय पिछोर के पुस्तकालय विभाग द्वारा विश्व बैंक पर योजना एमपीएच ई कियू आई पी आइक्यूएसी के तत्वधान में छात्र सहायता कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसका शीर्षक रिसोर्स एजुकेशन एंड रिसर्च द्व,ह्लद्गह्यश्ह्लह्म्द्गह्य द्धश्ह्ल द्गस्त्रह्वष्ड्डह्लद्बशठ्ठ ड्डठ्ठस्र ह्म्द्गह्यद्गड्डह्म्ष्द्ध शाखा गया कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय की प्राचार्य एवं संरक्षक डॉ केशव सिंह जाटव के आशीर्वचन से हुआ कार्यक्रम के आयोजन सचिव श्रीमती दीक्षा ताम्रकार ने व्याख्यान के विषय विशेषज्ञ का परिचय दिया विशेष विशेष यज्ञ डॉ प्रभात सिंह राजपूत ने अपने अपने व्याख्यान में ऐसे ई रिसोर्स के बारे में बताया जो कि निशुल्क है और छात्र बड़ी सरलता से उनका उपयोग कर अपना अध्ययन कर सकते इसके साथ ही उन्होंने शिक्षक के प्रति छात्रों का व्यवहार कैसा होना चाहिए स्किल बेस्ट लार्निग पर विस्तृत चर्चा की कार्यक्रम का संचालन डॉक्टर केके यादव द्वारा किया गया एवं कार्यक्रम में आभार प्रदर्शन बैंक परियोजना के प्रभारी डॉ अक्षय जैन द्वारा किया गया ऑनलाइन व्याख्यान में महाविद्यालय का समस्त स्टाफ उपस्थित रहा एवं 80 से अधिक छात्र-छात्राएं में सहभागिता की।

गोहद विधानसभा में युवा कांग्रेस 1 बूथ 5 यूथ अभियान की बैठक संपन्न

महेंद्र शर्मा, रिपोर्टर ग्वालियर संभाग पुष्पांजली टुडे

गोहद। मध्य प्रदेश युवा कांग्रेस के चलो बूथ की ओर 1 बूथ 5 यूथ अभियान को लेकर आज भिंड जिले की गोहद विधानसभा में युवा कांग्रेस की बैठक संपन्न हुई जिला अध्यक्ष डॉ.देशलहरा ने कहा की भिंड जिले में युवा जोड़ों अभियान के तहत युवाओं को कांग्रेस में जोड़ा जाएगा मिशन 2023 को लेकर जिले के प्रत्येक पोलिंग बूथ पर जाकर युवा कांग्रेस द्वारा युवाओं को तैयार किया जाएगा विधानसभा अध्यक्ष बंटी गुर्जर ने कहा की भाजपा की जन विरोधी नीतियों को गांव-गांव जाकर बताया जाएगा भ्रष्ट सरकार के खिलाफ युवाओं को जागरूक किया जाएगा बैठक में मुख्य रुप से जिला अध्यक्ष डॉ.राजकुमार देशलहरा,विधानसभा अध्यक्ष बंटी गुर्जर, ब्लॉक अध्यक्ष संजीव गुर्जर, जिला उपाध्यक्ष गौतम गहलोत, महासचिव रागिनी चौहान,अवधेश शुक्ला जी, महासचिव निशांत बरैया, महासचिव उमेश तोमर, जावेद पठान, महासचिव सुजान सिंह गुर्जर,राजेश बसैया, राहुल उपाध्याय, संदीप राणा, गोलू गुर्जर,अजय माहेर,दिनेश गुर्जर, उदय सिंह परिहार, शाहरुख शाह,महासचिव बृजेश कुशवाह, अवतार सिंह,अंकित बरैया,युवा कांग्रेस कार्यकर्ता मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

पुलिस सहायता केंद्र से असामाजिक गतिविधियों पर लगेगी रोकः रांठखेड़ा

अनिल कुशवाह ब्युरो पुष्पांजलि टुडे

शिवपुरी- खबर शिवपुरी जिले के बैराड़ तहसील से है जहाँ आज दिनांक 15 फरवरी को राज मंत्री सुरेश राठखेड़ाऔर पुलिस अधीक्षक राजेश सिंह चंदेल द्वारा बैराड़ बस स्टैंड पर पुलिस सहायता केंद्र का लोकार्पण किया प्राप्त जानकारी के अनुसार पुलिस सहायता केंद्र के बन जाने से बस स्टैंड क्षेत्र ही नहीं आसपास के कई गांव के ग्रामीणों को सहायता केंद्र बनने से असामाजिक गतिविधियों से राहत मिलेगी उक्त सहायता केंद्र से जहां बस स्टैंड क्षेत्र पर होने वाली चोरी एवं अन्य गतिविधियों पर अंकुश लगेगा वही नागरिकों को 1 किलोमीटर दूर थाने तक जाने में परेशानी से राहत मिलेगी नगर परिषद बैराड के धौरिया रोड बस स्टैंड चौराहे पर जन सहयोग से निर्मित किए गए पुलिस सहायता केंद्र के लोकार्पण के अवसर पर लोकनिर्माण राज्यमंत्री सुरेश रांठखेड़ा द्वारा उपस्थित नागरिकों से कहे। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला पुलिस अधीक्षक राजेश सिंह चंदेल ने जन सहयोग से बनाये गये सहायता केंद्र की लोकेशन पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए स्थानीय जनता के सहयोग के प्रति धन्यवाद दिया भाजपा बैराड़ मंडल अध्यक्ष विक्की मंगल ने बैराड़ के विकास एवं नागरिकों की सुरक्षा के लिए बेहद आवश्यक बताया।

ईटन्दरा चारणान में सीरवी समाज के संयुक्त तत्वाधान में धार्मिक कार्यक्रम आयोजित

आई माता प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव कार्यक्रम का आगाज

पुष्पांजलि टुडे। नरेश सीरवी

रानी पाली। निकटवर्ती रानी उपखंड क्षेत्र के ग्राम ईटन्दरा चारणान सीरवी समाज के संयुक्त तत्वाधान में मां आई जी के नाम रंगारंग धार्मिक कार्यक्रम का आयोजन होने जा रहा है। सीरवी समाज ईटन्दरा चारणान के संयुक्त तत्वाधान में विक्रम संवत 2078 माघ सुदी तेरस दिनांक 14 फरवरी 2022 सोमवार को सीरवी समाज के धर्मगुरु दीवान माधव सिंह के सानिध्य में प्राण प्रतिष्ठा पाट स्थापना अखंड ज्योति स्थापना की जाएगी।

ईटन्दरा चारणान में धार्मिक कार्यक्रम के प्रथम चरण की शुरुआत विक्रम संवत 2078 माघ सुदी नवमी 12 फरवरी 2022 शनिवार को गणपति महाराज की पूजा अर्चना कर विधि विधान से कार्यक्रम का रंगारंग शुभारंभ किया जाएगा। कार्यक्रम में कलश यात्रा। हवन कार्यक्रम। भजन संध्या एवं बोलियां। स्वागत कार्यक्रम के साथ-साथ 14 फरवरी 2022 को महा प्रसादी का कार्यक्रम रखा गया है। प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव कार्यक्रम में सीरवी समाज संपूर्ण भारत समाज के धर्मगुरु दीवान माधव सिंह एवं धर्म रथ का बधावना। एवम् प्राण प्रतिष्ठा धार्मिक कार्यक्रम को ऐतिहासिक बनाने के लिए सीरवी समाज नवयुवक मंडल सहित पंच कोटवाल तैयारियों में जुटे हुए हैं। सीरवी समाज के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित धार्मिक कार्यक्रम में सीरवी समाज के आई माता वडेर अध्यक्ष व पदाधिकारी सहित पच कोटवाल मौजूद रहेंगे। प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव में सीरवी समाज के जनप्रतिनिधि समाजसेवी भामाशाह मौजूद रहेंगे और ईटन्दरा चारणान सीरवी समाज नव मंडल के संयुक्त तत्वाधान में भव्य स्वागत किया जाएगा। 12 फरवरी 2022 को आईजी नवयुवक मंडल ईटन्दरा चारणान के संयुक्त तत्वाधान में धर्म रथ सहित धर्मगुरु का भव्य स्वागत किया जाएगा। चार दिवसीय धार्मिक कार्यक्रम में भजन सांस्कृतिक कार्यक्रम कलश यात्रा कार्यक्रम धर्मगुरु दीवान माधव सिंह स्वागत कार्यक्रम आई माता प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव के भामाशाह परिवार के स्वागत कार्यक्रम आदि कार्यक्रम विधि विधान से किए जाएंगे

शासकीय राशि की अनियमितताओं के चलते की गई वसूली

जिला ब्यूरो चीफ टीकमगढ़ अजय खंगार

टीकमगढ़। कार्यालय जिला पंचायत टीकमगढ़ अधिकारी द्वारा बताया गया है कि महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना अंतर्गत सामाजिक अंकेक्षण कार्य द्वारा वर्ष 2021-22 में संपादित वित्तीय वर्ष 2019-20 के ग्राम पंचायत द्वारा कराए गए निर्माण कार्यों / विकास कार्यों का सत्यापन ग्राम पंचायतों में मौका कार्य स्थल पर जाकर किए जाने पर कार्य मौके पर नहीं पाए जाने / अधूरे पाए जाने की स्थिति में कार्य पर व्यय दुरूपयोग / अनियमित व्यय राशि की वसूली निम्नानुसार ग्राम पंचायतों से की गई है। जनपद पंचायत टीकमगढ़ अंतर्गत ग्राम पंचायत लार- 39862 / - समर्रा- 15664 / - मवई 16720 / - पातरखेरा- 2112 / - राधापुर- 4400 / - जनपद पंचायत बल्देवगढ़ अंतर्गत ग्राम पंचायत तालमउ 23088/7 , डुम्बार 17548 / खेरा- 6290 / - जनपद पंचायत पलेरा अंतर्गत ग्राम पंचायत नयागांव- 17962/7 आलमपुरा- 61458 / - जनपद पंचायत पृथ्वीपुर अंतर्गत ग्राम पंचायत घुरारा- 812 / - टोडी- 6238 / - चौमो खास- 725 / - मोहनपुरा 1068 / - गैलवारा- 18080 / - लुहरगुवा- 15370 / - कुंवरपुरा- 17336 / - दिगवारकलां 30472 / - ज्यौरामौरा- 3807 / - पनिहारी- 10216 / - साथ ही राशि रूपये 1793446 / - के कार्य मौके पर पूर्ण कराए गए हैं। उक्त कार्य सामाजिक अंकेक्षण में ग्राम सामाजिक एनिमेटरों द्वारा ग्राम पंचायतों में भौतिक , मौखिक एवं दस्तावेजी सत्यापन करते हुए किया गया है।

ड्राइंग, पेंटिंग प्रदर्शनी द्वारा प्लाटिक प्रदूषण से पर्यावरण को बचाने का संदेश

अनिल कुशवाह ब्युरो पुष्पांजलि टुडे

शिवपुरी- खबर शिवपुरी के पुराने बस स्टैंड पर स्थित होटल राज पैलेस में ड्ढक्क्रद्बठ्ठ व नगर पालिका शिवपुरी ने साथ मिलकर किया आयोजन बढ़ती हुई जनंसख्या वृद्धि के साथ ही प्लास्टिक का उपयोग अत्यधिक होने लगा है जिसकी बजह से चारो तरफ प्लास्टिक प्रदूषण फैल रहा है। इसके दुष्परिणाम पर्यावरण के साथ ही हमारे जीवन पर हो रहे है। इस बात को ध्यान में रखते हुए। ऑनलाइन चित्रकला(ड्राइंग, पेंटिंग) प्रतियोगिता का आयोजन किया गया । जिसमे प्लास्टिक के प्रति जागरूक करने वाली मुहिम चलाने वाली संस्था ड्ढक्क्रद्बठ्ठ की विशेष भूमिका रही। इस प्रतियोगिता में हिस्सा लेने के ड्राइंग, पेंटिंग ऑनलाइन भेजना थी। प्रतियोगिता में सम्मिलित प्रतिभागियों को ग्वालियर डिविशन से आये ऑफिसर पुष्कल मथना द्वारा सभी को प्लास्टिक प्रदूषण के बारे में जागरूकता के लिए मार्गदर्शन किया। सर्वश्रेष्ठ ड्राइंग में शालिनी शुकला , अनिरुद्ध शर्मा, लवी गुप्ता के साथ सभी को क्क्ड्डष्ठ के मार्गदर्शन में प्रमाणपत्र भी दिए गए। इसके अलावा ऑनलाइन वोटिंग में प्रथम व द्वितीय आदित्य वर्मा, यश चौधरी रहे, जज चॉइस के द्वारा ऑनलाइन विजेता में प्रथम द्वितीय आदित्य सांडिल्य अशोकनगर, शोभान भवाई जमशेदपुर रहे। सभी कलाकृतियों को ष्ह्ड्डष्ठ्ठह्वश्चह्यष्.श्ह्द के अंकित शर्मा द्वारा उपहार पुरुस्कार बितरण किये गए। नगर पालिका शिवपुरी एस आई योगेश शर्मा के मार्गदर्शन में स्वच्छता के तहत कार्यक्रम को जीरो बेस्ट मटेरियल के रूप में आयोजित किया गया ।

किशोरावस्था से ही सार्वजनिक जीवन का त्याग कर बने सन्यासी, आज विश्व के कई देशों में कर रहे सनातन संस्कृति का प्रसार

दैनिक पुष्पांजली टुडे बृजपाल सिंह गुर्जर

सुत दारा और लक्ष्मी पापी केऊ घर होय, संत समागम हरिकथा जग मे दुर्लभ दौय।

मेहगांव मेहगांव चम्बल क्षेत्र के भिडं जिले की मेहगांव तहसील के ग्राम बरहद, में पूर्व जन्मो के संचित शुभ कर्मो एंव भगवत ऋपा से जन्मे कौशल किशोर राजौरिया जी, आज के परिवेश मे महामंडलेश्वर स्वामी चिदम्बरानन्द सरस्वती जी महाराज के नाम से सुविख्यात है। महाराज श्री व्दारा सम्पूर्ण भारतवर्ष में अपनी अलौकिक ज्ञान, प्रभु भक्ति, एंव तीब्र ओज , भविष्य वाणी से सनातन धर्म का व्यापक प्रचार प्रसार किया है। महामंडलेश्वर बचपन मे बरहद मेहगांव से अपनी प्राथमिक हाईस्कूल की शिक्षा ग्रहण करने के बाद महाराज जी के ह्रदय मे भगवत प्राप्ति एंव जनकल्याण की भावनाओं का ज्वार हिलोरे लेने लगा, अपने जीवन को समाज और राष्ट्र को समर्पित करने का लक्ष्य मानकर परिवार और गांव से अपने रिश्ता की मोह माया त्यागकर को त्याग जनकल्याण के लिये अपने परिजनों से आशीर्वाद लेकर अपने लक्ष्य की ओर अग्रसर हुऐ। परिजनों रिस्तेदारों एंव समस्त ग्रामीण जन इस दुविधा मे जीते रहे आखिर इतना बडा कठोर निर्णय का भविष्य क्या होगा,

बडे भाग्य मानुष तन पावा,

गोस्वामी तुलसीदास जी की रामायण की इस चौपाई को सार गर्भित करते हुऐ कौशल किशोर राजौरिया ने अपने जीवन काल मे भगवत प्राप्ति हेतु कठोर साधना करते हुऐ अपने जीवन को श्रेष्ठ बनाते हुऐ समाज और राष्ट्र के लिये जीवन समर्पित कर दिया, जनकल्याण की भावना ने सम्पूर्ण भारत के अलावा अमेरिका यूरोप में सनातन धर्म का व्यापक प्रचार प्रसार किया। परम पूज्य महामण्डलेश्वर स्वामी चिदम्बरानन्द सरस्वती जी महाराज की 29 जनवरी 2022 को विश्व के नम्बर 1 लोकप्रिय राजनेता और देश के प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी से शिष्टाचार भेंट की। पूज्य महाराज श्री ने आज विश्व भर में सनातन संस्कृति का व्यापक प्रचार प्रसार करते हुए चम्बल अंचल का भी गौरव बढ़ाया है।माननीय प्रधानमंत्री जी से उन्होंने आद्य जगद्गुरु भगवान शंकराचार्य की जयंती को सर्वात्मभाव दिवस के रूप में घोषित करवाने और आगामी 26,27 मार्च को काशी में होने वाले विशाल संन्यासी समावेश का आमंत्रण दिया। जिसमें प्रधानमन्त्री जी ने उत्सुकता पूर्वक रुचि दिखाई है। इस अवसर पर पूज्य स्वामीजी ने माननीय प्रधानमंत्री जी को अपने आश्रम से प्रकाशित तिथिपत्र, डायरी और स्वयं द्वारा लिखित ÷ईश्वरेच्छा बलीयसी÷ नामक पुस्तिका भी भेंट की।

डवल डिग्री के अस्पष्ट नियमों की आड़ में डी पी आई कर रहा है अभ्यर्थियों के जीवन से खिलवाड़

अनिल कुशवाह ब्युरो पुष्पांजलि टुडे

शिवपुरी- डबल डिग्री के नाम पर उच्च माध्यमिक शिक्षक भर्ती 2018 के पात्र अभ्यर्थियों के साथ हो रहा है अन्याय डी पी आई के अधिकारी शिक्षामंत्री के आश्वासन की उड़ा रहे हैं धज्जियां डबल डिग्री नाम की भयंकर समस्या से पीड़ित अभ्यर्थी जब राज्य के स्कूल शिक्षा मंत्री माननीय इंदर सिंह परमार से मिले तो मंत्री जी ने साफ कहा था की एक रेगुलर और एक प्राइवेट डिग्री बालों को मान्य किया जाएगा लेकिन ड़ी पी आई के अधिकारी उड़ा रहे हैं मंत्री जी के आश्वासन का मजाक और लगातार एक रेगुलर और एक प्राइवेट डिग्री वाले पात्र अभ्यर्थियों का शोषण कर रहे हैं। इतना ही नहीं मध्यप्रदेश में पूर्व में हुई शिक्षक भर्ती 2005,2008 और 2011 की भर्ती में भी मान्य किया गया था और इन्ही डिग्रियों के आधार पर 2018 में इन्हीं अभ्यर्थियों का शिक्षा विभाग में संविलियन भी किया गया है ।इतना ही नहीं राज्य शिक्षा केंद्र की लेखापाल की भर्ती परीक्षा 2017 में भी यू जी सी 2012 नियमानुशार ऐसे ही डिग्री धारी अभ्यर्थियों को पात्र माना था। यू जी सी की एक समिति ने 2012 में एक नियमित डिग्री के साथ एक और अतिरिक्त डिग्री अन्य किसी माध्यम से करने की अनुसंसा की थी और इस अनुसंसा को यू जी सी ने 2013 में अप्रूव भी किया था। इसलिए विद्यार्थियों ने इस प्रकार से डिग्री की थीं , वहीं दूसरी ओर मध्यप्रदेश सरकार लगातार इस तरह के अभ्यर्थियों को नौकरी प्रदान कर इस प्रकार डिग्री करने को प्रोत्साहन दे रही थी। और अब अचानक से जब भर्ती की प्रक्रिया 80त्न पूरी हो जाने के बाद अभ्यर्थियों के साथ इस तरह के फालतू नियमों का हवाला देकर अन्याय करना ठीक नहीं है। और डी पी आई अभ्यर्थियों को अपात्र करने के लिए यू जी सी की 2016की सार्वजनिक सूचना का हवाला दे रही है , वह सूचना 2016 से पहले की हुई डिग्रियों पर कैसे लागू होगी , यह तो शोध का विषय है।

ऊर्जा मंत्री पहुंचे इंटक मैदान, ठेले वालों से जानी मन की बात

ग्वालियर।

प्रदेश सरकार के ऊर्जा मंत्री श्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने इंटक मैदान में बने हॉकर्स जोन का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं को देखा तथा प्रत्येक ठेले वाले व चबूतरे वाले से चर्चा कर उनकी समस्याओं को जाना व देखा और कहा कि आपकी सेवा मेरा प्रथम कर्तव्य है। आप मेरे परिवार के अभिन्न सदस्य हो, मैं आपके बीच आपके मन की बात जानने आया हूँ। आपका जो आदेश होगा उसका पालन किया जाएगा एवं हम सब मिलकर सर्व सुविधाओं के साथ बेहतर व्यवस्था स्थापित करेंगे।

उन्होंने इंटक मैदान में बने हॉकर्स जोन मे निरीक्षण कर आमजन से कहा कि आप ससम्मान अपना व्यापार कर सकें, इसलिये आपके लिये यहां सभी सुविधाऐं उपलब्ध कराई जा रही हैं। आपको किसी की बातों में आने की जरूरत नहीं है, आप बिना भय के अपना व्यापार करें। उन्होंने प्रत्येक सब्जी विक्रेता से उसके ठेले व चबूतरे पर जाकर उनकी समस्या पूछी तथा संबंधित अधिकारी को उसके निराकरण के लिये निर्देशित किया। इसके साथ ही उन्होंने पुरानी सब्जी मंडी का निरीक्षण कर वहां के दुकानदारों से चर्चा करते हुए कहा कि आप भ्रमित न हो आप हमें सुझाव दें कि इस खाली जगह पर क्या बनाया जाये, किंतु पार्किंग नहीं बनाई जाएगी।

साथ ही सब्जी विक्रेताओं को आशवस्त किया जो पुरानी सब्जी मंडी में जहां व्यापार करता था उसी के अनुसार सबसे पहले उन्हीं को चबूतरें दिये जाएगें तथा उसके बाद ठेले वालों व नीचे बैठने वालों को जगह आवंटित की जाएगी तथा अन्य जगहों पर लगने वाले सब्जी के ठेले वालों को जगह दी जाएगी। निरीक्षण के दौरान उन्होंने फल का ठेला लगाने वाले श्री अमरजीत खटीक के साथ एक ही प्लेट में पोहा भी खाए। इसके साथ ही उन्होंने हाथ ठेला लगाने वालों से प्रधानमंत्री की पथ विक्रेता योजना का लाभ लेने के लिये कहा तथा संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि इंटक मैदान में सभी व्यवस्थाओं को सुदृण कर लिया जाए। ठेले वाले व्यापारी व सामान लेने आने वाले आमजन को किसी भी प्रकार की समस्या नहीं होना चाहिए।

ओला प्रभावित गाँव में पहुँचे कलेक्टर

फसल सर्वेक्षण एवं राहत वितरण की वस्तुस्थिति जानी

ग्वालियर। पिछले माह जिले में हुई ओलावृष्टि से प्रभावित फसलों का सर्वेक्षण कार्य पूर्ण हो चुका है। प्रभावित किसानों के खाते में राजस्व पुस्तक परिपत्र के प्रावधानों के तहत राहत राशि पहुँचाने की कार्रवाई जारी है। कलेक्टर श्री कौशलेन्द्र विक्रम सिंह ने गुरूवार को जनपद पंचायत डबरा के ग्राम खड़बई पहुँचकर ओलावृष्टि से प्रभावित फसलों के सर्वेक्षण की वस्तुस्थिति जानी। उन्होंने इस अवसर पर डबरा एसडीएम को निर्देश दिए कि ग्राम सभा में फसल सर्वेक्षण सूची के वाचन संबंधी वीडियो और फोटोग्राफ कलेक्ट्रेट भेजें।

कलेक्टर श्री कौशलेन्द्र विक्रम सिंह ने यह भी निर्देश दिए कि खड़बई सहित डबरा जनपद पंचायत क्षेत्र के ओला प्रभावित सभी 21 गाँवों में सर्वेक्षण सूची को पंचायत भवन पर चस्पा करने और ग्राम सभा में वाचन से संबंधित फोटोग्राफ व वीडियो ग्रामवार कलेक्ट्रेट भेजें। उन्होंने स्पष्ट किया कि शासन के प्रावधानों के तहत हर पात्र ओला प्रभावित किसान को पूरी पारदर्शिता के साथ राहत वितरित की जाए। इसमें किसी भी तरह की गड़बड़ी पाए जाने पर सख्त कार्रवाई की जायेगी। कलेक्टर ने जोर देकर कहा कि प्रभावित किसानों के खातों में जल्द से जल्द राहत राशि पहुँचाई जाए।

अनुविभागीय राजस्व अधिकारी डबरा श्री प्रदीप कुमार ने बताया कि डबरा जनपद पंचायत क्षेत्र के 21 गाँवों के 1965 किसानों की लगभग 1600 हैक्टेयर रकबे की फसल प्रभावित हुई है। इन सभी गाँवों में फसल का सर्वेक्षण करा लिया गया है। प्रभावित किसानों को राजस्व पुस्तक परिपत्र के प्रावधानों के तहत लगभग 3 करोड़ 12 लाख रूपए की राहत राशि मंजूर की गई है।

जडेरुआ से हाईवे प्रस्तावित पहुँच मार्ग का स्मार्ट सिटी व पीडबल्यूडी के अधिकारियों ने किया संयुक्त सर्वे

एचपीएससी बैठक में मिली थी स्वीकृति

ग्वालियर। ग्वालियर स्मार्ट सिटी द्वारा शहरवासियों की सुविधा के मद्देनज़र कई विकास कार्य किये जा रहे हैं। इसी क्रम में जडेरुआ बाँध से ईस्टर्न बायपास तक पहुँच मार्ग को सुदृढ़ कर बनाया जाना प्रस्तावित है। इस मार्ग को विकसित किये जाने हेतु आज गुरुवार को ग्वालियर स्मार्ट सिटी तथा लोक निर्माण विभाग के सम्बंधित अधिकारियों ने कार्य की योजना को गति प्रदान करने हेतु सर्वे किया। निरीक्षण के दौरान ग्वालियर स्मार्ट सिटी के इग्ज़ेक्युटिव इंजीनियर अंकित शर्मा, पीडबल्यूडी से श्री त्रिपाठी व पीडीएमसी के अधिकारी मुख्य रूप से उपस्थित थे। गौरतलब है कि इस मार्ग के विकसित होने से क्षेत्र के लोगों को सुगमता प्राप्त होगी तथा कनेक्टिविटी में सुधार होगा।

उद्यानिकी कृषकों के सुझाव पर बनेगी विभाग की कार्य-योजना

संभाग स्तर पर करेंगे कृषकों से चर्चा

विभागीय समीक्षा बैठक में राज्य मंत्री श्री कुशवाह

ग्वालियर। उद्यानिकी विभाग की वर्ष 2022-23 की कार्य-योजना उद्यानिकी कृषकों के सुझाव पर बनाई जाएगी। उद्यानिकी एवं खाद्य प्र-संस्करण राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्री भारत सिंह कुशवाह ने मंत्रालय में हुई विभागीय समीक्षा बैठक में यह बात कही। अपर मुख्य सचिव उद्यानिकी एवं खाद्य प्र-संस्करण श्री जे.एन. कंसोटिया, उद्यानिकी आयुक्त श्री ई. रमेश कुमार और एम.डी.एम.पी. एग्रो श्री राजीव कुमार जैन उपस्थित थे।

राज्य मंत्री श्री कुशवाह ने कहा कि वे स्वयं उद्यानिकी कृषकों से संभागवार बैठक कर सुझाव लेंगे। संभागीय बैठकों में प्रत्येक जिले से 20 से 40 कृषकों को आमंत्रित किया जाएगा। कृषकों से चर्चा कर उद्यानिकी विभाग में प्राथमिकता वाले कार्यक्रमों पर सुझाव लिए जाएंगे। प्राप्त सुझावों के आधार पर आगामी वर्ष की विभागीय कार्य-योजना बनाई जाएगी।

प्रत्येक जिले में होगा माली प्रशिक्षण केन्द्र

राज्य मंत्री श्री कुशवाह ने कहा कि जिला स्तर पर माली प्रशिक्षण केन्द्र बनाये जायेंगे। प्रत्येक जिले में एक नर्सरी को माली प्रशिक्षण केन्द्र के रूप में चिन्हित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि मांग के अनुसार इच्छुक युवाओं और व्यक्तियों को माली कार्य का प्रशिक्षण दिया जाएगा, जो 3 माह की अवधि का होगा।

नर्सरियों को अतिक्रमण मुक्त रखें

राज्य मंत्री श्री कुशवाह ने कहा कि कुछ जिलों की नर्सरी क्षेत्र में अतिक्रमण होने की जानकारी उनके ध्यान में आई है। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि विभाग की नर्सरियों को अतिक्रमण मुक्त रखें। जिन नर्सरी क्षेत्र पर अतिक्रमण है, उसे एक सप्ताह में हटवाना सुनिश्चित करें। राज्य मंत्री श्री कुशवाह ने प्रदेश के संतरा, प्याज, लहसुन आदि अन्य उद्यानिकी उत्पादों के निर्यात को बड़ावा देने की दिशा में ठोस पहल करने के निर्देश दिए। बैठक में विभाग की अन्य योजनाओं की भी समीक्षा की गई।

स्व-सहायता समूहों के उत्पादों की पैकेजिंग और बिक्री में पूरा सहयोग मिले

जिला पंचायत सीईओ श्री तिवारी ने लिया समूहों द्वारा संचालित आर्थिक गतिविधि का जायजा

ग्वालियर। राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत गठित महिला स्व-सहायता समूहों द्वारा उत्पादित सामग्री की पैकेजिंग और बिक्री ब?ाने में पूरा सहयोग करें। समूहों की दीदियों को किसी प्रकार की परेशानी नहीं होनी चाहिए। इस आशय के निर्देश जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री आशीष तिवारी ने ग्राम पंचायत उटीला में महिला स्व-सहायता समूह द्वारा संचालित एक उत्पादन इकाई के निरीक्षण के दौरान संबंधित अधिकारियों को दिए।

भ्रमण के दौरान जिला पंचायत के सीईओ श्री तिवारी ने विकासखण्ड मुरार के ग्राम बेरजा, मुगलपुरा, रतवई एवं बरेठा गाँव में जल जीवन मिशन के तहत निर्माणाधीन पानी की टंकी निर्माण व पेयजल पाइप लाईन बिछाने का कार्य, गौशाला तथा इन ग्राम पंचायतों में विभिन्न योजनाओं के तहत कराए जा रहे विकास कार्यों का जायजा लिया। उन्होंने कार्यों को गुणवत्ता के साथ समय-सीमा में पूर्ण करने पर बल दिया।

इस दौरान उप आयुक्त विकास श्रीमती ऊषा शर्मा एवं जनपद पंचायत मुरार के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री राजीव मिश्रा सहित अन्य संबंधित अधिकारी उनके साथ थे।

ग्वालियर की स्वच्छता में सहभागी बने मीडियाः निगम प्रशासक श्री सक्सैना

स्वच्छता सर्वेक्षण के लिए मीडिया संवाद कार्यक्रम का आयोजन

ग्वालियर। ग्वालियर शहर की स्वच्छता के प्रति आमजनों को जागरुक करने में मीडिया की भूमिका बहुत ही महत्वपूर्ण है। आप सभी अपने शहर ग्वालियर की स्वच्छता के लिए हमारी ओर से वार्ड ब्रांड एम्बेस्डर की भूमिका में कार्य करते हुए स्वच्छता सर्वेक्षण 2022 के तहत अपने शहर ग्वालियर के अंक कैसे बढाएं जाएं इसके लिए मीडिया के साथी अपने महत्वपूर्ण सुझाव दें और हमें हमारे कार्यों के प्रति सजग करें। उक्ताशय के विचार नगर निगम प्रशासक श्री आशीष सक्सैना ने आज स्वच्छता सर्वेक्षण 2022 के तहत आयोजित मीडिया संवाद कार्यक्रम में मीडिया के साथियों के समक्ष व्यक्त किए। इस अवसर पर नगर निगम आयुक्त श्री किशोर कन्याल एवं उपायुक्त श्री अमर सत्य गुप्ता सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

मीडिया संवाद के दौरान नगर निगम आयुक्त श्री किशोर कन्याल ने बताया कि ग्वालियर शहर देश का सबसे स्वच्छ शहर बने यह हम सभी चाहते हैं और इसी उददेश्य को लेकर हम सभी को मिलकर कार्य करना है। उन्होने बताया कि नगर निगम ग्वालियर द्वारा निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं कि सभी वार्डों से कचरा ठिया समाप्त हों तथा बहुत हद तक यह हो भी चुके हैं और घरों-दुकानों से निकलने वाला कचरा सडक पर न आए इसके लिए डोर टू डोर वाहन समय पर पंहुचे इसके लिए भी हम निरंतर मॉनीटरिंग व प्रयास कर रहे हैं। निगमायुक्त श्री कन्याल ने कहा कि हमारा ग्वालियर बदल रहा है।

लूट करने के आरोपी दबोचे, सोने चांदी के जेवरात बरामद

ग्वालियर। पडाव थाना क्षेत्र के सेवा नगर के पास गत 23 जनवरी को हुई सर्राफा व्यापारी के साथ लूट का आज पुलिस ने खुलासा करते हुये दो आरोपियों को पकडा है वहीं आरोपियों के कब्जे से सौ ग्राम सोना और 700 रूपये चांदी के आभूषण भी बरामद कर लिये हैं। पुलिस लूट के शेष तीन आरोपियों की तलाश में छापेमारी कर रही है।

पुलिस महानिरीक्षक ग्वालियर संभाग अनिल शर्मा , वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अमित सांघी ने बताया कि

उपनगर के किलागेट पर सर्राफा व्यापारी शैलेन्द्र गोयल निवासी द्वारिका पुरी लगभग 8 बजे अपने दो पहिया वाहन से घर जा रहे थे तभी ख्वाजा खानून दरगाह के पास अंधेरे में तीन दुपहिया वाहनों से आये अज्ञात बदमाशों ने उन्हें धक्का देकर गिरा दिया। इसके बाद आरोपियों ने मारपीट कर कटटा दिखाकर हवाई फायर कर व्यापारी के पिटठू बैग को छीन लिया और भाग निकले। आईजी के चार्ज लेने के बाद हुई इस घटना को पुलिस ने गंभीरता से लिया और लगभग पांच टीमें बनाकर आरोपियों की तलाश की वहीं सीसीटीवी फुटेज भी खंगाले।

पुलिस को प्रथम दृष्टया कोई सुराग नहीं मिला । वहीं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने फरार बदमाशों पर दस हजार और उसके बाद आईजी अनिल शर्मा ने इनाम बढाकर 25 हजार कर दिया। लूट की घटना कारित करते समय निकलने वाले राहगीरों को लुटेरों द्वारा यह कहकर गुमराह किया गया कि उक्त व्यक्ति पीछे लड़कियों को छेडकर आया है।

वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देश के परिपालन में डीएसपी अपराध रत्नेश तोमर व विजय भदौरिया एवं सीएसपी ग्वालियर नागेन्द्र सिंह के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी क्राईम ब्रांच निरीक्षक दामोदर गुप्ता तथा थाना प्रभारी पड़ाव विवेक अष्ठाना के नेतृत्व में क्राईम ब्रांच तथा थाना पड़ाव की टीमों के द्वारा उक्त सनसनीखेज लूट की घटना का खुलासा करने हेतु मुखबिर तंत्र सक्रिय किया जाकर घटना में आये तकनीकी साक्ष्यों का सूक्ष्मता से विश्लेषण करने पर घटना में संलिप्त संदेहियों के संबंध में जानकारी प्राप्त हुई। पुलिस टीमों द्वारा संदेहियों को घरों पर तलाश करने पर सभी संदेही अपने घरों से गायब मिले। वहीं पुलिस को सूचना मिली कि उक्त लूट की घटना में वांछित दो आरोपी जलालपुर तिराहे के पास देखे गये हैं।

स्वात्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक, एवं संपादक-भरत सिंह चौहान। पुष्पांजली प्रिंटर्स-गोवर्धन कॉलेनी, भिण्ड रोड, गोला का मंदिर, जिला ग्वालियर (म.प्र.) से मुद्रित एवं दीपू इलेक्ट्रोनिक्स, पंजीयन क्रमांक/ एम.पी.एच.आई.एन. /31130
नियर हनुमान मंदिर, गोवर्धन कॉलोनी, भिण्ड रोड, गोला का मंदिर, ग्वालियर (म.प्र.) से प्रकाशित। सम्पादक - भरत सिंह चौहान E-mail : pushpanjalitoday17@gmail.com 0751-4901333, M.: 8269307478